A

riptiv C t lc

M u cript

Bhatt rkiy Gr th Bh ndar

NAGAUR

By :

Dr. P. C. Jain

Centre for Jain Studies

UNIVERSITY OF RAJASTHAN, J A I P U R

1 9 8 1

For w rd

Dr. P. C. Jain is already known to the Jain scholars through the publication of his first Volume of the Five-volume project on the Descriptive Catalogue of the Manuscripts collected in the Bhattarakiya Granth Bhandar, Nagaur. This collection is rich numerically as well as qualitatively. It contains 30,000 manuscripts in Sanskrit, Prakrit, Apabhramsa, Rajasthani, Hindi, Marathi and Gujarati languages. Some of these manuscripts belong to the 12th Century A. D. Others not so old belong to the succeeding centuries including the 19th. History of Indian literature will not be complete without taking notice of innumerable manuscripts which are still uncatalogued and hidden from the scholars' view. Rajasthan is specially rich in Jain manuscripts as this state has always been a citadel of Jainism for the long past. The manuscripts of Nagaur Bhandar relate to various subjects including the Agamas, Ayurveda, Subhasitas, tales, poems, dictionarries, **Carita**-literature, rhetorics, prosody, astrology, astronomy, logic, drama, music, Puranas, Tantra, Yoga, grammar, **vratas**, **Stotras**, **Mahatmya** etc. Some of these manuscripts are illustrated with beautiful paintings. In fact, the vast literature produced in medieval India reveals the nature and form of intellectual and creative activity and spiritual movement of the Indians. Much of what is contained in the **stotras, vratas, Mahatmyas** and the kindred literature manifests the living religion and culture of India gleaned through these works. This Bhandara has old manuscripts of known and published works. Such as the Samayasara of Acharya Kundakunda and more importantly it has some manuscripts, say about 150, which are not known to the scholarly world. In my trips abroad in recent years I found a growing interest in the rich treasure of the manuscripts which India possesses and which are still lying uncared for in the different Bhandaras. Jainas did not have a sectarian outlook in developing collections of the manuscripts. The catholic outlook of this community and its Saints has been mainly responsible in organising a broad-based collection of the manuscripts. While Jainism in its origin patronised the Prakrit, it

remains an historical fact that it extended full support to Sanskrit considered by some to be the language of the Brahmins and the Brahmanical or Vedic culture. Some of the great works were not only written in Sanskrit by the Jainas, many others were preserved and commented upon by them. Mallinatha who commented upon the works of Kalidasa and Bharavi is the shining example of this catholic tradition and patronage of the Sanskrit language and literature by the Jainas.

I need not commend this volume to the scholars, I should however be permitted to state very briefly some facts. This volume contains entries of 2,000 manuscripts. Each manuscript is serially numbered and is followed by the necessary details of the title, author, commentator, if any, number of folios, script, language, probable date, beginning and end of the work and remarks wherever necessary. Various appendices will be found useful by the researchers, more particularly the appendix giving the list of rare manuscripts.

After publication of the five volumes of this project, the Centre would promote cataloguing of the manuscripts in other Bhandaras in Rajasthan. The complete project is quite ambitious as it also aims at the publication of important manuscripts found in the Jain Bhandaras in Rajasthan. How long will it take for us is a matter of guess for me too. But I believe and trust the words of Bhavabhuti. "कालो ह्ययं निरवधि" :

Dated 14-6-81

R. C. Dwivedi
Dean, faculty of Arts &
Director, Centre for Jain Studies,
University of Rajasthan, Jaipur

विषय-सूची

प्रस्तावना :— I–xxx

ग्रन्थों के लिखने की परम्परा का विकास, लेखन सामग्री का उपयोग, पुस्तकों के प्रकार, उपलब्ध एक हजार वर्ष के ग्रन्थों में प्रयुक्त लेखन सामग्री— लिप्यासन, ताड़पत्र, कागज, कागज के पत्रे काटना, घुटाई, कपड़ा, काष्ठ पट्टिका, लेखनी, प्रकार, ओलिया, स्याही तथा उसके प्रकार—काली स्याही, एवं रूपहली स्याही, लाल स्याही, लेखक, लेखक के गुण, ग्रन्थों का रख रखाव, राजस्थान के प्रमुख ग्रन्थ–भण्डार, ग्रन्थ-सूचियों की अनुसधान एवं इतिहास लेखन में उपयोगिता, नागौर का ऐतिहासिक परिचय, ग्रन्थ-भण्डार की स्थापना एवं विकास, भट्टारक परम्परा, ग्रन्थ के सम्बन्ध में, आभार आदि।

अध्यात्म, आगम, सिद्धान्त एवं चर्चा	१–२८
आयुर्वेद	२९–३३
उपदेश एवं सुभाषितावली	३४–३६
कथा—	३७–५२
काव्य—	५३–६७
कोश—	६८–७१
चरित्र—	७२–९२
चित्रित ग्रन्थ	९३–९८
छन्द एवं अलंकार	९९–१०२
ज्योतिष	१०३–११६
न्याय शास्त्र	११७–११९
नाटक एवं संगीत	१२०–१२१
नीतिशास्त्र	१२२–१२३
पुराण	१२४–१३०
पूजा एवं स्तोत्र	१३१–१६२
मन्त्र एवं यन्त्र	१६३–१६६
योग	१६७–१६९
व्याकरण	१७०–१७९

व्रत-विधान	१८०-१८३
लोक विज्ञान	१८४-१८५
श्रावकाचार और	१८६-१९७
अवशिष्ट साहित्य	१९८-२०३

परिशिष्ट—

(i)	अज्ञात एवं अप्रकाशित ग्रन्थों की नामावली	१९८-२०८
(ii)	ग्रन्थानुक्रमणिका	२०९-२४६
(iii)	ग्रन्थकारानुक्रमणिका	२४७-२६६

स्ताव १

ग्रन्थों के लिखने की परम्परा का विकास

प्राचीन काल में लेखनकला का प्रचलन नहीं था। लोगों की स्मृति इतनी तीव्र थी कि उन्हें कभी इसकी आवश्यकता ही नहीं पड़ी। शिक्षा पीढ़ी दर पीढ़ी मौखिक रूप से ही दी जाती थी। शिक्षा की यह परम्परा केवल जैनों तक ही सीमित नहीं थी अपितु जैनेतर समाज में भी यही परम्परा प्रचलित थी।

यही कारण है कि समस्त वैदिक वाङ्मय प्रारम्भ से ही मौखिक रूप से ही चला आ रहा था। विद्यार्थियों की स्मरणशक्ति इतनी तीव्र थी कि वे उच्चारण तक में बिना अशुद्धि किये पूरी वैदिक ऋचाओं को स्मरण कर लेते थे। इसी परम्परा के कारण वेदों को श्रुति भी कहा गया है।

जैन मान्यता है कि तीर्थंकरों द्वारा प्रतिपादित उपदेश मौखिक रूप से ही दिये गये थे। यद्यपि प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ ने हजारों लाखों वर्ष पूर्व ब्राह्मी लिपि का आविष्कार कर दिया था। लेकिन महावीर तक मौखिक परम्परा ही चलती रही।

भगवान् महावीर के निर्वाण के पश्चात् जब समूचे आगम साहित्य को मौखिक रूप से स्मरण नहीं किया जा सका तो आगम साहित्य को लिपिबद्ध करके सुरक्षित रखने के लिये विभिन्न नगरों में सभायें आयोजित की जाती रहीं। दिगम्बर सम्प्रदाय के अनुसार भूतबली पुष्पदन्त ने अवशिष्ट आगम साहित्य को लिपिबद्ध किया। जब कि श्वेताम्बर परम्परा के अनुसार अंतिम वाचना देवर्द्धिगणि क्षमाक्षमण की अध्यक्षता में वीर निर्वाण सम्वत् ९८० में वल्लभी में समस्त आगमों को लिपिबद्ध किया गया। उसके बाद ग्रन्थों को लिपिबद्ध करने की परम्परा में अधिकाधिक विकास हुआ। इसके पूर्व भी कथंचित् आगम लिखाने का उल्लेख सम्राट् खारवेल के उल्लेख में पाया जाता है। अनुयोग-द्वार सूत्र में पुस्तक पत्रारूढ़ श्रुत को द्रव्य-श्रुत माना है।[1]

वल्लभी वाचना के पश्चात् तो मौखिक ज्ञान को लिपिबद्ध करने की होड़ सी लग गयी। यही नहीं, नये-नये ग्रन्थों का निर्माण किया जाने लगा। ग्रन्थों को लिखने, लिखवाने पढ़ने एवं सुनने में महान् पुण्य की प्राप्ति मानी जाने लगी।

श्रुतज्ञान की अभिवृद्धि में जैनाचार्यों, भट्टारकों, मुनियों एवं श्रावकों ने सविशेष योगदान दिया। हरिभद्र सूरि ने "योग-दृष्टि समुच्चय" में "लेखना पूजना दानं" द्वारा पुस्तक, लेखन को योगभूमिका का अंग बतलाया है। "वद्धमान कहा" में पुस्तकलेखन के महत्त्व को इस प्रकार बतलाया है—

१—"से किं तं जाणयसरीर-भवीयसरीरवइरित्तं ? दव्वसुयं पत्तयपोत्थयलिहि।'पत्र—३४—१

एहु सत्थु जो लिहइ लिहावइ, पढ़इ पढ़ावइ कहइ कहावइ ।
जो णरु णारि एहु मणि भावइ, पुणह अहिउ पुण्यफल व पावइ ॥

इसी तरह "उपदेश-तरंगिणी" में ग्रन्थों के लिखने, लिखवाने, सुनने एवं रक्षा करने को निर्वाण का कारण बतलाया है—

ये लेखयन्ति जिनशासनं पुस्तकानि, व्याख्यानयन्ति च पठन्ति च पाठयन्ति ।
श्रवणन्ति रक्षणविधौ च समाद्रियन्ते, ते देव मर्त्यशिवशर्म नरा लभन्ते ॥

कुछ समय पश्चात् तो ग्रन्थों के अन्त में लिखी हुई प्रशस्तियों में पुस्तक—लेखन के महत्त्व का वर्णन किया जाने लगा—

ये लेखयन्ति सकलं सुधियोऽनुयोगं शब्दानुशासनमशेषमलंकृतीश्च ।
छन्दांसि शास्त्रमपरं च परोपकारसम्पादनैकनिपुणाः पुरुषोत्तमास्ते ।।९४॥

किं किं तैर्न न किं विवपितं दान-प्रदत्तं न किं ।
के वाऽऽपन्ननिवारिता तनुमतां मोहार्णवे मज्जताम् ॥९५॥

नो पुण्यं किमुपार्जितं किमु यशस्तारं न विस्तारितं ।
सत्कल्याणकलापकारणमिदं यैः शासनं लेखितम् ॥

इस प्रकार हस्तलिखित ग्रन्थों की पुष्पिकाओं तथा कुमारपाल प्रबन्ध, वस्तुपाल चरित्र, प्रभावक चरित्र, सुकृतसागर महाकाव्य, उपदेश तरंगिणी, कर्मचन्द आदि अनेकों रास एवं ऐतिहासिक चरित्रों में समृद्ध श्रावकों द्वारा लाखों करोड़ों के सद्व्यय से ज्ञान—कोश लिखवाने तथा प्रचारित करने के विशुद्ध उल्लेख पाये जाते हैं। शिलालेखों की भांति ही ग्रन्थ-लेखन-पुष्पिकाओं का बड़ा भारी ऐतिहासिक महत्त्व है। जैन राजाओं, मन्त्रियों एवं धनाढ्य श्रावकों के सत्कार्यों की विरुदावली में लिखी हुई प्रशस्तियां भी किसी खण्ड काव्य से कम महत्त्वपूर्ण नहीं है। गुर्जरेश्वर सिद्धराज, जयसिंह और कुमारपालदेव ने बहुत बड़े परिमाण में शास्त्रों की ताड़पत्रीय प्रतियां स्वर्णाक्षरी व सचित्रादि तक लिखवायीं थीं। यह परम्परा न केवल जैन नरपति श्रावक—वर्ग में ही थी अपितु श्री जिनचन्द्र सूरि का अकबर द्वारा "युग-प्रधान" पद देने पर बीकानेर के महाराजा रायसिंह, कुंवर दलपतसिंह आदि द्वारा भी संख्याबद्ध प्रतियां लिखवाकर भेंट करने के उल्लेख मिलते है। एवं इन ग्रन्थों की प्रशस्तियों में बीकानेर, खम्भात आदि के ज्ञान-भण्डारों में ग्रन्थ स्थापित करने के विशद वर्णन पाये जाते हैं।

जैन श्रावकों ने अपने गुरुओं के उपदेश से बड़े-बड़े शास्त्र-भण्डार स्थापित किये हैं। भगवती सूत्र श्रवण करते समय गौतम-स्वामी के ३६ हजार प्रश्नों पर स्वर्ण मुद्रायें चढ़ाने का पेथड़शाह, सोनी संग्रामसिंह आदि का एवं ३६ हजार मोती चढ़ाने का वर्णन मन्त्रीश्वर कर्मचन्द्र के चरित्र में भी पाया जाता है। उन मोतियों के बने हुए चार-चार सौ वर्ष प्राचीन चन्दवा पुठिया आदि आज भी बीकानेर के बड़े उपाश्रय में विद्यमान हैं। जिनचन्द्र सूरि के उपदेश से जैसलमेर, पाटण, खम्भात, जालौर, नागौर आदि स्थानों में शास्त्र-भण्डार स्थापित होने का वर्णन उपाध्याय समयसुन्दर गणि कृत "कल्पलता" ग्रन्थ में भी पाया जाता है। धरणा-

शाह मण्डन, धनराज और पेथड़शाह, पर्वत कान्हा, थारुशाह आदि ने ज्ञान-भण्डार स्थापित करने में अपनी-अपनी लक्ष्मी को मुक्त हस्त से व्यय किया था। थारुशाह का भण्डार आज भी जैसलमेर में विद्यमान है। जैन ज्ञान-भण्डारों में बिना किसी धार्मिक भेद-भाव के ग्रन्थ संग्रहीत किये जाने लगे। यही कारण है कि कितने ही जैनेतर ग्रन्थों की पाण्डुलिपियां तो केवल जैन-ग्रन्थागारों में ही उपलब्ध होती हैं।

राजस्थान के जैन मन्दिरों में उपलब्ध एवं प्रतिष्ठापित ग्रन्थ संग्रहालय भारतीय संस्कृति एवं विशेषतः जैन-साहित्य एवं संस्कृति के प्रमुख केन्द्र हैं। राजस्थान में ऐसे ग्रन्थ भण्डारों की संख्या सैकड़ों में हैं और उनमें संग्रहीत पाण्डुलिपियों की संख्या तो लाखों में है। राजस्थान के इन भण्डारो में पाँच लाख से भी अधिक ग्रन्थों का संग्रह उपलब्ध होता है। ये शास्त्र भण्डार प्रत्येक गांव एवं नगर में जहाँ भी मन्दिर हैं, स्थापित हैं, और भारतीय वाङ्मय को सुरक्षित रखने का दायित्व लिये हुए हैं। ऐसे स्थानों में जयपुर, नागौर, जैसलमेर, बीकानेर, उदयपुर, कोटा, बून्दी, भरतपुर, अजमेर आदि नगरों के नाम विशेषतः उल्लेखनीय हैं। वास्तव में इन ज्ञान-भण्डारों ने साहित्य की सैकड़ों अमूल्य निधियों को नष्ट होने से बचा लिया। अकेले जैसलमेर के ज्ञान-भण्डार को देखकर कर्नल टॉड, डा० व्यूहलर, डा० जैकोवी जैसे पाश्चात्य विद्वान् एवं भण्डारकर, दलाल जैसे भारतीय विद्वान् आश्चर्य चकित रह गये थे, और उन्हें ऐसा अनुभव होने लगा था कि मानों उनकी वर्षों की साधना पूरी हो गयी हो। मेरा मानना है कि यदि उक्त विद्वानों को उस समय नागौर, अजमेर एवं जयपुर के ग्रन्थ-भण्डारों को भी देखने का सौभाग्य मिल जाता तो सम्भवतः उनकी साहित्यिक धरोहर को देखकर नाँच उठते और फिर न जाने जैनाचार्यों की साहित्यिक सेवाओं पर कितनी श्रद्धांजलियां अर्पित करते। स्वयं लेखक को राजस्थान के पचासों ग्रन्थ-भण्डारों को देखने का अवसर प्राप्त हुआ है। वास्तव में मुस्लिम युग में धर्मान्ध शासकों द्वारा इन शास्त्र-भण्डारों का विनाश नहीं किया होता अथवा हमारी स्वयं की लापरवाही से सैकड़ों, हजारों ग्रन्थ चूहों, दीमकों एवं सीलन में नष्ट नहीं हुए होते तो पता नहीं आज कितनी अधिक संख्या में इन भण्डारों में पाण्डुलिपियां होती। फिर भी जो कुछ आज अवशिष्ट हैं वही हमारे अतीत पर पर्याप्त प्रकाश डालती हैं, और उसी पर हम गर्व कर सकते हैं।

लेखन सामग्री का उपयोग

प्राचीनकाल में पुस्तकें किस प्रकार लिखी जाती थी? और लिखने के लिए किन-किन साधनों का उपयोग होता था? इन्हीं सब बातों पर विचार करने से पूर्व, ग्रन्थ किस-किस प्रकार के होते थे? यह जानकारी देना अधिक उपयुक्त होगा।

जैसे आजकल पुस्तकों के बारे में रॉयल, सुपर रॉयल, डेमी, क्राउन आदि अंग्रेजी शब्दों का प्रयोग किया जाता है, उसी तरह प्राचीनकाल में अमुक आकार और प्रकार में लिखी जाने वाली पुस्तकों के लिए कुछ विशिष्ट शब्द प्रयुक्त होते थे। इस बारे में जैन-भाष्यकार, चूर्णिकार और टीकाकार जो जानकारी देते हैं वह जानने योग्य है—

प्राचीनकाल में विविध आकार-प्रकार की पुस्तकें होने के उल्लेख दशवैकालिक सूत्र की हरिभद्रीय टीका[1], निशीथ चूर्णि[2], बृहत्कल्प सूत्र वृत्ति[3] आदि में पाये जाते हैं। इनके अनुसार पुस्तकों के पाँच प्रकार थे—[4]

गण्डी, कच्छपी, मुष्टि, संपुट तथा छेदपाटी। इनका संक्षिप्त परिचय निम्न प्रकार है—

१. **गण्डी पुस्तक**—जो पुस्तक चौड़ाई और मोटाई में समान हो किन्तु विविध लम्बाई वाली ताड़पत्रीय पुस्तक को गण्डी पुस्तक कहते हैं। गण्डी शब्द का अर्थ कतली होता है, अर्थात् जो पुस्तक गण्डिका अर्थात् कतली जैसी हो, गण्डी-पुस्तक कही जाती है। आजकल जो छोटी-मोटी ताड़पत्रीय पुस्तक मिलती है उसको, एवं इसी पद्धति में लिखे कागज के ग्रन्थों को भी गण्डी-पुस्तक कहा जाता है।

२. **कच्छपी पुस्तक**—जो पुस्तक दोनों तरफ के छोरों में पतली हो तथा मध्य में कछुए की भांति मोटी हो, उसे कच्छपी पुस्तक कहते हैं। इस प्रकार की पुस्तकें इस समय देखने में नहीं आ रही हैं।

१—"गण्डी कच्छवि मुट्ठि, संपुडफलए तहा छिवाडी य। एय पुत्थयपणयं, वक्खाणमिणं भवे तस्स॥ वाहल्ल–पुहत्तेहिं, गण्डीपुत्थो उ तुल्लगो दीहो। कच्छवि अंते तणुओ, मज्झे पिहुलो मुणयव्वो॥
चउरंगुलदीहो वा, वट्टागिइ मुट्ठिपुत्थगो अहवा. चउरंगुलदीहो च्चिय, चउरंसो होइ विन्नेओ॥
संपुडगो दुगमाई, फलगा वोच्छं छिवाड़िमेत्ताहे। तणुपत्तूसियरुवो, होइ छिवाड़ी वुहा वेंति॥
दीहो वा हस्सो वा, जो पिहुलो होइ अप्पवाहल्लो। तं मुणियसमयसारा, छिवाड़िपोत्थं भणतीह॥"

—दशकालिक हरिभद्रीय टीका, पत्र २५।

२—पोत्थगपणगं–दीहो वाहल्लपुहत्तेण तुल्ला चउरंसो गंडीपोत्थगो। अंतेसु तणुओ मज्झे पिहुलो अप्पवाहल्लो कच्छभी। चउरंगुलो दीहो वा वृत्ताकृति मुट्ठिपोत्थगो, अहवा चउरंगुलदीहो चउरंसो मुट्ठीपोत्थगो। दुमादिफलगा संपुडगं। दीहो हस्सो वा पिहुलो अप्पवाहल्लो छिवाड़ी, अहवा तणुपत्तेहिं उस्सितो छिवाड़ी।

—निशीथचूर्णी।

३—गंडी कच्छवि मुट्ठि, छिवाडी संपुडग पोत्थगा पंच।

४—गण्डीपुस्तकः कच्छपी पुस्तकः मुष्टिपुस्तकः सम्पुटफलकः छेदपाटी पुस्तकश्चेति पंच पुस्तकाः।

—बृ. क. सू. उ. ३।

३. **मुष्टि पुस्तक**—जो पुस्तक चार अंगुल लम्बी हो और गोल हो उसको मुष्टि पुस्तक कहते हैं। अथवा जो चार अंगुल की चारों तरफ से चोखण्ड हो, तो भी मुष्टि पुस्तक कही जाती है। छोटी-मोटी टिप्पणकाकार में लिखी जाने वाली पुस्तकों का इसमें समावेश होता है। दूसरे प्रकार में वर्तमान की छोटी-मोटी डायरियों का या हाथ पोथी जैसी लिखित गुटकाओं का समावेश होता है।

४. **संपुटफलक**—लकड़ी की पट्टियों पर लिखी हुई पुस्तकों का नाम संपुट-फलक होता है। यन्त्र, जम्बू-द्वीप, अढाई-द्वीप, लोकनालिका, समवशरण आदि की चित्रावली जो लकड़ी की पट्टिकाओं पर लिखी हों तो संपुट-फलक में समाविष्ट होती हैं। अथवा लकड़ी की पाट्टी पर लिखी पुस्तक को सम्पुट-पुस्तक कहते हैं।

५. **छेदपाटी**—कम पत्रों वाली पुस्तक को छेदपाटी पुस्तक कहते हैं, जो लम्बाई में कितनी ही हो किन्तु मोटाई में थोड़ी हो तो छेदपाटी कहलाती हैं।

उपर्युक्त सभी प्रकार की पुस्तकें सातवीं शती तक के लिखित प्रमाणों के आधार पर बताई गयी हैं। इस प्रकार की पुस्तकें आज एक भी उपलब्ध नहीं हैं।

उपलब्ध एक हजार वर्ष के ग्रन्थों में प्रयुक्त लेखन सामग्री

पुस्तक लेखन के आरम्भकाल के बाद का लेखनकला का वास्तविक इतिहास अंधेरे में डूबा हुआ होने से प्राचीन उल्लेखों के आधार पर उसके ऊपर जितना प्रकाश डाला जा सकता है उतना प्रयत्न किया गया है। अब उसके बाद वर्तमान में उपलब्ध विक्रम की ११वीं शती से २०वीं शती तक की लेखन-कला के साधन और उनके विकास के सम्बन्ध में कुछ प्रकाश यहाँ डाला जा रहा है—

लिप्यासन—राजप्रश्नीय सूत्र में "लिप्यासन"–लिपि + आसन=लिप्यासन का अर्थ मषीभाजन रूप में लिया है। पर हम यहाँ लिपि के आसन अथवा पात्र, तरीके के साधन में, ताड़पत्र, वस्त्र, कागज, लकड़ी की पट्टिया, भोजपत्र, ताम्रपत्र, रौप्यपत्र, सुवर्णपत्र, पत्थर आदि का समावेश कर सकते हैं।

गुजरात, मारवाड़, मेवाड़, कच्छ दक्षिण आदि प्रान्तों में वर्तमान में जो जैन-ज्ञान भण्डार हैं उन सबको देखने से स्पष्ट समझा जा सकता है कि पुस्तकें मुख्य रूप से विक्रम की तेरहवीं सदी के पहले ताड़पत्र और कपड़े दोनों पर ही लिखी जाती थीं। लेकिन इन दोनों में भी ताड़पत्र का विशेष प्रचार था। लेकिन बाद में कागज का आविष्कार हो जाने से कागज पर ही ग्रन्थ लिखे जाने लगे, और इस प्रकार धीरे-धीरे ताड़पत्र का युग क्रमशः लुप्त होता गया।

प्राचीनकाल में विविध आकार-प्रकार की पुस्तकें होने के उल्लेख दशवैकालिक सूत्र की हरिभद्रीय टीका[1], निशीथ चूर्णि[2], बृहत्कल्प सूत्र वृत्ति[3] आदि में पाये जाते हैं। इनके अनुसार पुस्तकों के पाँच प्रकार थे—[4]

गण्डी, कच्छपी, मुष्टि, संपुट तथा छेदपाटी। इनका संक्षिप्त परिचय निम्न प्रकार है—

१. **गण्डी पुस्तक**—जो पुस्तक चौड़ाई और मोटाई में समान हो किन्तु विविध लम्बाई वाली ताड़पत्रीय पुस्तक को गण्डी पुस्तक कहते हैं। गण्डी शब्द का अर्थ कतली होता है, अर्थात् जो पुस्तक गण्डिका अर्थात् कतली जैसी हो, गण्डी-पुस्तक कही जाती है। आजकल जो छोटी-मोटी ताड़पत्रीय पुस्तक मिलती है उसको, एवं इसी पद्धति में लिखे कागज के ग्रन्थों को भी गण्डी-पुस्तक कहा जाता है।

२. **कच्छपी पुस्तक**—जो पुस्तक दोनों तरफ के छोरों में पतली हो तथा मध्य में कछुए की भांति मोटी हो, उसे कच्छपी पुस्तक कहते हैं। इस प्रकार की पुस्तकें इस समय देखने में नहीं आ रही हैं।

१—"गण्डी कच्छवि मुट्ठि, संपुडफलए तहा छिवाडी य। एय पुत्थयपणयं, वक्खाणमिणं भवे तस्स॥ वाहल्ल–पुहत्तेहिं, गण्डीपुत्थो उ तुल्लगो दीहो। कच्छवि अंते तणुओ, मज्झे पिहुलो मुणेयव्वो॥

चउरंगुलदीहो वा, वट्टागिइ मुट्ठिपुत्थगो अहवा . चउरंगुलदीहो च्चिय, चउरंसो होइ विन्नेओ॥

संपुडगो दुगमाई, फलगा वोच्छं छिवाड़िमेत्ताहे। तणुपत्तूसियरुवो, होइ छिवाड़ी बुहा वेंति॥

दीहो वा हस्सो वा, जो पिहुलो होइ अप्पबाहल्लो। तं मुणियसमयसारा, छिवाड़िपोत्थं भणंतीह॥"

—दशकालिक हरिभद्रीय टीका, पत्र २५।

२—पोत्थगपणगं–दीहो वाहल्लपुहत्तेण तुल्ला चउरंसो गंडीपोत्थगो। अंतेसु तणुओ मज्झे पिहुलो अप्पबाहल्लो कच्छभी। चउरंगुलो दीहो वा वृत्ताकृति मुट्ठिपोत्थगो, अहवा चउरंगुलदीहो चउरंसो मुट्ठीपोत्थगो। दुमादिफलगा संपुडगं। दीहो हस्सो वा पिहुलो अप्पबाहल्लो छिवाड़ी, अहवा तणुपत्तेहिं उस्सितो छिवाड़ी।

—निशीथचूर्णी।

३—गंडी कच्छवि मुट्ठि, छिवाडी संपुडग पोत्थगा पंच।

४—गण्डीपुस्तकः कच्छपी पुस्तकः मुष्टिपुस्तकः सम्पुटफलकः छेदपाटी पुस्तकश्चेति पंच पुस्तकाः।

—बृ. क. सू. उ. ३।

३. **मुष्टि पुस्तक**—जो पुस्तक चार अंगुल लम्बी हो और गोल हो उसको मुष्टि पुस्तक कहते हैं। अथवा जो चार अंगुल की चारों तरफ से चोखण्ड हो, तो भी मुष्टि पुस्तक कही जाती है। छोटी-मोटी टिप्पणकाकार में लिखी जाने वाली पुस्तकों का इसमें समावेश होता है। दूसरे प्रकार में वर्तमान की छोटी-मोटी डायरियों का या हाथ पोथी जैसी लिखित गुटकाओं का समावेश होता है।

४. **संपुटफलक**—लकड़ी की पट्टियों पर लिखी हुई पुस्तकों का नाम संपुट-फलक होता है। यन्त्र, जम्बू-द्वीप, अढाई-द्वीप, लोकनालिका, समवशरण आदि की चित्रावली जो लकड़ी की पट्टिकाओं पर लिखी हों तो संपुट–फलक में समाविष्ट होती हैं। अथवा लकड़ी की पाट्टी पर लिखी पुस्तक को सम्पुट-पुस्तक कहते हैं।

५. **छेदपाटी**—कम पन्नों वाली पुस्तक को छेदपाटी पुस्तक कहते हैं, जो लम्बाई में कितनी ही हो किन्तु मोटाई में थोड़ी हो तो छेदपाटी कहलाती हैं।

उपर्युक्त सभी प्रकार की पुस्तकें सातवीं शती तक के लिखित प्रमाणों के आधार पर बताई गयी हैं। इस प्रकार की पुस्तकें आज एक भी उपलब्ध नहीं हैं।

उपलब्ध एक हजार वर्ष के ग्रन्थों में प्रयुक्त लेखन सामग्री

पुस्तक लेखन के आरम्भकाल के बाद का लेखनकला का वास्तविक इतिहास अंधेरे में छुपा हुआ होने से प्राचीन उल्लेखों के आधार पर उसके ऊपर जितना प्रकाश डाला जा सकता है उतना प्रयत्न किया गया है। अब उसके बाद वर्तमान में उपलब्ध विक्रम की ११वीं शती से २०वीं शती तक की लेखन-कला के साधन और उनके विकास के सम्बन्ध में कुछ प्रकाश यहां डाला जा रहा है—

लिप्यासन—राजप्रश्नीय सूत्र में "लिप्यासन"–लिपि + आसन=लिप्यासन का अर्थ मषीभाजन रूप में लिया है। पर हम यहां लिपि के आसन अथवा पात्र, तरीके के साधन में, ताड़पत्र, वस्त्र, कागज, लकड़ी की पट्टिया, भोजपत्र, ताम्रपत्र, रौप्यपत्र, सुवर्णपत्र, पत्थर आदि का समावेश कर सकते हैं।

गुजरात, मारवाड़, मेवाड़, कच्छ दक्षिण आदि प्रान्तों में वर्तमान में जो जैन-ज्ञान भण्डार हैं उन सबको देखने से स्पष्ट समझा जा सकता है कि पुस्तकें मुख्य रूप से विक्रम की तेरहवीं सदी के पहले ताड़पत्र और कपड़े दोनों पर ही लिखी जाती थीं। लेकिन इन दोनों में भी ताड़पत्र का विशेष प्रचार था। लेकिन बाद में कागज का आविष्कार हो जाने से कागज पर ही ग्रन्थ लिखे जाने लगे, और इस प्रकार धीरे-धीरे ताड़पत्र का युग क्रमशः लुप्त होता गया।

कपड़े पर पुस्तकें क्वचित् पत्राकार के रूप में लिखी जाती थी।[1] इसका उपयोग टिप्पणी के लिखने के लिये तथा चित्र, पट, मन्त्र, यन्त्र, लिखने के लिए ही विशेष प्रमाण में हुआ करता था। कपड़े पर लिखे ग्रन्थों में धर्म-विधि-प्रकरण वृत्ति, कच्छूलीरास[2] और त्रिषष्टि-शलाका-पुरुष चरित्र की प्रतियां पत्राकार के रूप में पायी जाती हैं। जो २५"×५" की लम्बाई और चौड़ाई की हैं। परन्तु लोकनालिका, अढाईद्वीप, जम्बूद्वीप, नवपद, ह्रींकार, घण्टाकर्ण, पंचतीर्थीपट आदि के चित्रवस्त्र पट पर प्रचुर परिमाण में पाये जाते हैं। पन्द्रहवीं शताब्दी तक के प्राचीन कई पंचतीर्थीपट भी पाए गये हैं।

भोजपत्र का उपयोग बौद्ध एवं वैदिक लोगों ने ही पुस्तकें लिखने में किया है। अद्यावधि एक भी जैन ग्रन्थ प्राचीन भोजपत्र पर लिखा हुआ नहीं मिला है। सिर्फ १८वीं एवं १९वीं सदी से ही यतियों ने मन्त्र, तन्त्र, यन्त्र आदि के लिखने में इसका उपयोग किया है। किन्तु वह भी थोड़े परिमाण में।

मन्त्र, तन्त्र, यन्त्र आदि के लेखन के लिए कांस्यपत्र,[3] ताम्रपत्र, रौप्यपत्र, स्वर्ण-

१. (क) "एकदा प्रातर्गुरून् सर्वसाधूंश्च वन्दित्वा लेखकशालाविलोकनाय गतः। लेखकाः कागदपत्राणि लिखन्तो दृष्टाः। ततः गुरुपार्श्वे पृच्छा। गुरुभिरुचे– श्री चौलुक्यदेव ! सम्प्रति श्रीताड़पत्राणां त्रुटिरस्ति ज्ञानकोशे, अतः कागदपत्रेषु ग्रन्थलेखनमिति ॥" कुमारपाल प्रबन्ध पृष्ठ ९६।

(ख) श्री वस्तुपालमन्त्रिणा सौवर्णमषीमयाक्षरा एकासिद्धान्त प्रतिर्लेखिता। अपरास्तु श्रीताडकागदपत्रेषु मषीवर्णाञ्चिताः ६ प्रतयः। एवं सप्तकोटिद्रव्य-व्ययेन सप्त सरस्वतीकोशाः लेखिताः ॥" उ० त० पृष्ठ १४२

२. संवत् १४०८ वर्षे चीबाग्रामे श्री नरचन्द्रसूरीणां शिष्येण श्री रत्नप्रभसूरीणां बांधवेन पंडित गुणभद्रेण कच्छूली श्रीपार्श्वनाथगोष्ठिक लींबाभार्या गौरी तत्पुत्र श्रावक जसा डूंगर तद्भगिनी श्राविका वींझीतिल्ही प्रभृत्येषां साहाय्येन प्रभुश्री श्री प्रभसूरिविरचितं धर्मविधिप्रकरणं श्री उदयसिंहसूरि विरचितां वृत्ति श्रीधर्मविधेग्रन्थस्य कार्तिक-वदिदशमी दिने गुरुवारे दिवसपाश्चात्यघटिकाद्वये स्वपितृमात्रोः श्रेयसे श्रीधर्मविधि ग्रन्थमलिखत् ॥ उदकानलचौरेभ्यो मूषकेभ्यस्तथैव च। कष्टेन लिखितं शास्त्रं यत्नेन परिपालयेत् ॥छ॥

३. कांस्यपत्र, ताम्रपत्र, रौप्यपत्र, अने सुवर्णपत्रमां तेमना केटलीकवार पंचधातुना मिश्रितपत्रमां लखाएला ऋषिमण्डल, घण्टाकर्ण घोसहियो यंत्र, वीसो यंत्र वगेरे मंत्र-यंत्रादि जैनमन्दिरोमां घणे ठेकाणे होय छ। जैन पुस्तको लखवा माटे ··· ··· ·· १

देखिये–भारतीय जैन श्रमण संस्कृति अने लेखन कला पृष्ठ–२७

वसुदेवहिण्डी प्रथम खंडमां ताम्रपत्र ऊपर पुस्तक लखवानो उल्लेख छे:

इयरेण तंबपत्तेसु तणुगेसु रायलक्खणं रएऊणं तिहलारसेणं तिम्मेऊण तंबभायणे पोत्थओ पक्खित्तो, निक्खित्तो नयरबाहिं दुव्वावेदमंज्झे। पत्र १८९

थी। उस समय कागज को वांसों की चीपों या लोहे की चीपों के नीचे दवाकर हाथों से सावधानी पूर्वक काटा जाता था। तथा इसके लिये एक होशियार व्यक्ति की आवश्यकता होती थी।

घुटाई—पुस्तक लिखने के लिए सभी देशी कागजों की घुटाई की जाती थी। जिससे उनके ऊपर स्याही नहीं फूटती थी। कागज के वहुत दिनों तक पड़े रहने से अथवा वरसात व सर्दी के प्रभाव से उसका घूंट कम हो जाता था जिससे उसकी चिकनाहट कम हो जाती थी या हट जाती थी। चिकनाहट कम होने से अक्षर फूट जाया करते थे। इसके लिए उन पर पुनः पालिश चढ़ाना होता था। पालिश चढ़ाने के लिए कागजों अथवा पन्नों को फिटकड़ी के पानी में डुवोकर सुखाने के वाद, कुछ सूखा जैसा हो जाय तव उसको अकीक अथवा कसौटी अथवा किसी जाति के घूंटा से अथवा कोड़ा से घुटाई की जाती थी। जिससे अक्षर नहीं फूटते थे।

कपड़ा—पुस्तक लिखने के लिए अथवा चित्र यंत्र आदि के लेखन के लिए कपड़े पर गेहूँ या चावंल की कड़प लगाई जाती थी। कड़प लगाकर सुखा लेने के वाद उसको कसौटी आदि से घोट देने से कपड़ा चिकना लिखने लायक वन जाता था। पाटण के वखतजी के "केसरी जैन-भण्डार" में खादी के कपड़े के ऊपर लिखी हुई पुस्तक है। पार्श्वनाथ दिगम्वर जैन मन्दिर में भी कपड़े का एक १६वीं शताव्दी में लिखा हुआ ग्रंथ मिलता है।

काष्ठ पट्टिका—लेखन के साधन के रूप में काष्ठ पट्टिकाएं (लकड़ी की सादी अथवा रंगीन) भी उपयोग में आती थीं। पुराने जमाने में व्यापारी लोग अपने रोजीन्दा, कच्ची वह्नी वगैरह को पट्टी पर लिख रखते थे। उसी प्रकार ग्रंथ की रचना करते समय ग्रंथ का कच्चा खड्डा लकड़ी की पाट्टी के ऊपर करते थे और निश्चित हुए वाद ही पाट्टी के ऊपर से पक्की नकल किया करते थे। लकड़ी की पट्टियों का स्थाई चित्रपट अथवा यंत्र, मंत्र चित्रित करने के लिए भी उपयोग होता था। उत्तराध्ययन वृति (सं० ११२९) को नेमिचन्द्राचार्य ने पट्टिका पर लिखा था जिसे सर्वदेव गणि ने पुस्तकारूढ़ किया था।[1]

लेखनी—जैसे आजकल लिखने में पैन और डॉटपैन का उपयोग होता है वैसे पहिले होल्डर (कलम) पैन्सिल आदि का उपयोग होता था। उससे पूर्व वांस वेंत आदि के अण्ट से लिखा जाता था। आजकल उसका प्रचलन अत्यधिक अल्पमात्रा में रह गया है। पर हस्तलिखित ग्रंथों को लिखने में आज भी कलम का उपयोग होता है।

कर्नाटक, सिंहल, उत्कल, व्रह्म आदि देशों में जहाँ ताड़पत्र पर कोटकर पुस्तक लिखी जाती है वहाँ लिखने के लिए नोकदार सुइया की जरूरत होती है। कागजों पर

---

१. पट्टिकातोऽलिखच्चेमां, सर्वदेवाभिधो गणिः।
आत्मकर्मक्षयायाथ, परोपकृति हेतवे ॥

—उत्तराध्ययन टीका नेमिचन्द्रीया।

यन्त्र व लाइनें बनाने के लिए जुजवल का प्रयोग किया जाता था। जो लोहे के चिमटे के आकार की होती थी। आजकल के होल्डर की नीब इसी का विकसित रूप प्रतीत होती है। कलमों के घिस जाने पर उसे चाकू से छील कर पतला कर लिया जाता था, तथा बीच में से एक खड़ा चीरा कर दिया जाता था। जिससे आवश्यकतानुसार स्याही नीचे उतरती रहती थी।

लेखनियों के शुभाशुभ, कई प्रकार के गुण-दोषों को बताने वाले अनेक श्लोक पाए जाते हैं। जिसमें उनकी लम्बाई, रंग, गांठ आदि से ब्राह्मणादि वर्ण, आयु, धन, सन्तान हानि, वृद्धि आदि के फलाफल लिखे हैं। उनकी परीक्षा पद्धति ताड़पत्रीय युग की पुस्तकों से चली आ रही है। रत्न परीक्षा में रत्नों के श्वेत, पीत, लाल और काले रंग ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र की भांति लेखनी के भी वर्ण समझना चाहिए। इसका किस प्रकार उपयोग करना, इसका पुराना विधान तत्कालीन विश्वास व प्रथाओं पर प्रकाश डालता है।[1]

प्रकार—चित्रपट, यन्त्र आदि में गोल आकृतियाँ करने के लिए एक लोहे का प्रकार होता था। यह प्रकार जिस प्रकार की छोटी-मोटी गोल आकृति बनानी हो उस प्रमाण में छोटा-बड़ा बनाया जाता था। आज भी यह मारवाड़ वगैरह में बनाया जाता है। आजकल इसके स्थान में कम्पास भी काम में लाया जाता है।

ओलिया, उसकी बनावट और उत्पत्ति—प्राचीन हस्तलिखित पुस्तकों को एकधार सीधी लाइन में लिखे हुए देखने से मन में यह प्रश्न उठता है, कि यह लेख सीधी पंक्ति में किस प्रकार लिखा गया होगा? इस शंका का उत्तर यह ओलिया देती है। ओलिया को मारवाड़ी में लहीआवो फाटीऊ के नाम से जानते हैं। लेकिन इसका वास्तविक उत्पत्ति या अर्थ क्या है? यह समझ में नहीं आता है। इसका प्राचीन नाम ओलियुं मिलता है। ओलियुं शब्द संस्कृत आलि

---

1. ब्राह्मणी श्वेतवर्णा च, रक्तवर्णा च क्षत्रिणी।
वैश्यवी पीतवर्णा च, असुरीश्यामलेखिनी ॥१॥
श्वेते सुखं विजानीयात्, रक्ते दरिद्रता भवेत्।
पीते च पुष्कला लक्ष्मीः, असुरी क्षयकारिणी ॥२॥
चिताग्रे हरते पुत्रमधोमुखी हरते धनम्।
वामे च हरते विद्यां, दक्षिणालेखिनी लिखेत् ॥३॥
अग्रग्रन्थिः हरेदायुर्मध्यग्रन्थिर्हरेद्धनम्।
पृष्ठग्रन्थिर्हरेत्, सर्वं, निर्ग्रन्थिर्लेखिनी लिखेत् ॥४॥
नवांगुलमिता श्रेष्ठा, अष्टौ वा यदि वाऽधिका।
लेखिनी लेखयेन्नित्यं, धनधान्यसमागमः ॥५॥
अष्टांगुलप्रमाणेन, लेखिनी सुखदायिनी।
हीनाय हीनकर्म स्यादधिकस्याधिकं फलम् ॥६॥
आद्यग्रन्थिर्हरेदायुर्मध्यग्रन्थिर्हरेद्धनम्।
अन्त्यग्रन्थिर्हरेत् सौख्यं, निर्ग्रन्थिर्लेखिनी शुभा ॥७॥

श्रौर प्राकृत श्रोलि श्रौर गुजराती श्रोल शब्द से बना है। लकड़ी के फलक या गत्ते के मजबूत पुठे पर छेद कर मजबूत सीधी डोरी छोटे-बड़े श्रक्षरों के चौड़े-सकड़े श्रन्तरालानुसार दोनों श्रोर कसकर बांध दी जाती है श्रौर उस पर रंग-रोगन लगाकर तैयार किये फाटिये पर कागज को रख कर श्रगुलियों द्वारा तान कर लकीर चिह्नित कर ली जाती है। तथा ताड़पत्रीय पुस्तकों पर छोटी सी बिन्दु सीधी लकीर श्राने के लिए कर दी जाती थी।

स्याही पुस्तक लेखन में श्रनेक प्रकार की स्याहियों का प्रयोग दृष्टिगत होता है। परन्तु सामान्य रूप से लेखन के लिए काली स्याही ही सार्वत्रिक रूप में काम में लाई गई है। सोने-चांदी की स्याही से भी पुस्तकें लिखी जाती थीं, पर सोना-चांदी के महार्घ्यता के कारण उसका उपयोग श्रत्यल्प परिमाण में ही विशिष्ट शास्त्र लेखन में श्रीमन्तों द्वारा होता था। लाल रंग का प्रयोग बीच-बीच में प्रकरण समाप्ति व हांसिए की रेखा में तथा चित्रादि के श्रालेखन में प्रयोग होता था।

भारत में हस्तलेखों की स्याही का रंग बहुत पक्का बनाया जाता था। यही कारण है कि वैसी पक्की स्याही से लिखे ग्रंथों के लेखन में चमक श्रब तक बनी हुई है। विविध प्रकार की स्याही बनाने के नुस्के विविध ग्रंथों में दिये हुए है। भारतीय जैन श्रमण संस्कृति श्रने लेखन कला में जो नुस्खे दिये हुए हैं वे इस प्रकार हैं—

प्रथम प्रकार—

"सहवर-भृंग-त्रिफलाः, कासीसं लोहमेव नीली च
समकज्जल-बोलयुता, भवति मषी ताड़पत्राणाम् ॥

व्याख्या—"सहवरेति काटांसेहरीश्रो (धमासो) भृंगेति भांगुरश्रो। त्रिफला प्रसिद्धैव। कासीसमिति कसीसम्, येन काष्ठादि रज्यते। लोहमिति लोहचूर्णम्। नीलीति गलीनिष्पादको वृक्षः तद्रसाः। रसं विना सर्वेषामुत्कल्य क्वाथः क्रियते, स च रसोऽपि। समवर्तितकंज्जल-बोलयोर्मध्ये निक्षिप्यते, ततस्ताड़पत्रमषी भवतीति ॥"

श्रर्थात्—धमासा, जलभांगरा का रस, त्रिफला, कसीस, लोहचूर्ण को उबाल कर, क्वाथ बनाकर इसके बराबर परिमाण में गली के रस को मिलाकर, काजल व बीजाबोल मिलाने से स्याही बन जाती है। इसका उपयोग ताड़पत्र पर लिखने के लिए होता है।

दूसरा प्रकार—

कज्जल पा (पो) इण बोलं, भूमिलया पारदस्स लेसं च।
उसिणजलेण विघसिया, वडिया काऊण कुट्टिज्जा ॥१॥

तत्तजलेण व पुणश्रो घोलिज्जंती दंढ मसी होई।
तेण विलिहिया पत्ता, वच्चह रयणीइ दिवसु व्व ॥२॥

श्रर्थात्—काजल, पोयण, बीजाबोल, भूमितला, जलभांगरा श्रौर पारे को उबलते हुए पानी में मिलाकर, ताम्बे की कड़ाई में सात दिन तक घोटकर एक रस करलें। फिर

उसकी बड़ियां बनालें और उन्हें कूट कर रखें और फिर जब आवश्यक हो उसे गरम पानी में खूब मसल लें स्याही तैयार हो जाती है।[1]

तीसरा प्रकार—

"कोरहए वि सरावे, अंगुलिआ कोरहम्मि कज्जलए।
मद्दह सरावलग्गं, जावं चिय चि (क्क) गं मुअइ ॥३॥
पिचुमंदगुंदलेसं, खायरगुंदं व बीयजलमिस्सं ।
भिज्जवि तोएण दढं, मद्दह जा तं जलं मुसई ॥४॥
इति ताड़पत्रमस्याम्नायः ॥"

अर्थात्—नये काजल को मिट्टी के कोरे सिकोरे में अंगुली से इतना मलें कि उसका चिकनापन छूट जाये। फिर उसे नीम या खैर के गोंद के साथ बीआजल के मिश्रण में भिगोकर खूब घोंटे जब तक कि पानी सूख न जावे, फिर बड़ियां बनालें।

चौथा प्रकार—

निर्यासात् पिचुमन्दजाद् द्विगुणितो बोलस्ततः कज्जलं,
संजातं तिलतैलतो हुतवहे तीव्रातपे मर्दितम् ।
पात्रे शूल्वमये तथा शन (?) जलैर्लाक्षारसैर्भावितः।
सद्भल्लातक-भृंगराजरसयुक् सम्यग् रसोऽयं मषी ॥१॥

अर्थात्—नीम का गोंद, उससे दूगना बीजाबोल, उससे दूगने काजल को गोमूत्र के साथ घोटकर ताम्रपात्र में गरम करें। सूखने पर थोड़ा-थोड़ा पानी देते रहें, फिर इसमें शोधा हुआ भिलावा तथा भांगरे का रस डालें, उत्तम स्याही बन जावेगी।

पांचवां प्रकार—

ब्रह्मदेश, कर्नाटक आदि देशों में ताड़पत्र पर लोहे की सूई से कोर कर लिखा जाता है। उन अक्षरों में काला रंग लाने के लिए नारियल की टोपसी या बादाम के छिलकों को जलाकर, तेल में मिलाकर, कुरेदे हुए अक्षरों पर काले चूर्ण को पोतकर, कपड़े से साफ कर देते हैं। इससे चूर्ण अक्षरों में भरा रह जाता है, और अक्षर स्पष्ट पढ़ने में आ जाते हैं। उपर्युक्त सभी प्रकार, ताड़पत्र पर लिखने की स्याही के हैं।

---

१. श्लोक में तो यह नहीं बताया गया है कि उक्त मिश्रण को कितनी देर घोंटना चाहिये। परन्तु जयपुर में कुछ परिवार स्याही वाले ही कहलाते हैं। त्रिपोलिया के बाहर उनकी प्रसिद्ध दूकान थी। वहां एक कारखाने के रूप में स्याही बनाने का कार्य चलता था। महाराजा के पोथीखाने में भी "सरबराकार" स्याही तैयार किया करते थे। इन लोगों से पूछने पर ज्ञात हुआ कि स्याही की घुटाई कम से कम आठ पहर होनी चाहिए। मात्रा अधिक होने पर अधिक समय तक घोंटना चाहिए।

—गोपालनारायण बहुरा

इसी प्रकार कागज और कपड़े पर लिखने की स्याही के बनाने की भी कई विधियां हैं:—

पहली विधि—

जितना काजल उतना बोल, तेथी दूणा गुंद झकोल ।
जो रस भांगरा नो पड़े, तो अक्षरे-अक्षरे दीवा वले ॥

दूसरी विधि—

मष्यर्धे क्षिप सद्गुन्दं गुन्दार्धे बोलमेव च,
लाक्षाबीयारसेनोच्चैर्मर्दयेत् ताम्रभाजने ॥१॥

अर्थात्—काजल से आधा गोंद, गोंद से आधा बीजाबोल, लाक्षारस तथा बीअरस के साथ ताम्रपात्र में रगड़ने से काली स्याही तैयार होती है ।

तीसरी विधि—

बीआ बोल अनइल लक्खा रस, कज्जल वज्जल (?) नइ अंबारस ।
"भोजराज" मिसी नियाद्, पान ओ फाटई मसी वनि जाई ॥

चौथी विधि—

लाख टांक बीस मेल, स्वाग टांक पांच मेल ।
नीर टांक दो सौ लेई हांडी में चढ़ाइये ॥
ज्यों लों आग दीजे त्यों लों और खार सब लीजे ।
लोदर खार बाल-बाल पीस के रखाइये ॥
मीठा तेल दीय जल, काजल सो ले उतार ।
नीकी विधि पिछानी के ऐसे ही बनाइए ॥
चाइक चतुर नर लिखके अनूप ग्रन्थ ।
बांच बांच बांच रीझ-रीझ मौज पाइए ॥

पांचवीं विधि—

स्याही पक्की करने की विधि:—लाख चौखी अथवा चौपड़ी ६ पैसे भर लेकर तीन सेर पानी में डालें, २ पैसा भर सुवागा डालें, ३ पैसा भर लोध डालें, फिर उसको गरम करें और जब पानी तीन पाव रह जावे तब उतार लें । बाद में काजल १ पैसा भर डाल कर घोंट-घोंट कर सुखा लें । आवश्यकतानुसार इसमें से लेकर शीतल जल में भिगो दें । तो पक्की स्याही तैयार हो जाती है ।

छठी विधि—

काजल ६ टांक, बीजाबोल १२ टांक, बेर का गोंद ३६ टांक, अफीम १/२ टांक, अलता पोथी ३ टांक, फिटकड़ी कच्ची १/२ टांक, नीम के घोटे से ताम्बे के बरतन में सात दिन तक घोटे ।

उपर्युक्त नुस्खे मुनि श्री पुण्यविजय जी ने यहाँ वहाँ से लेकर दिये हैं। उनका अभिमत है कि पहली विधि से बनी स्याही सर्वश्रेष्ठ है। अन्य स्याही पक्की तो है पर कागज-कपड़े को क्षति पहुँचाती है। लकड़ी की पट्टी पर लिखने के लिए सब ठीक हैं।[1]

सुनहरी एवं रूपहली स्याही--

सोना और चाँदी की स्याही बनाने के लिए वर्क को खरल में डालकर धोक के गूंद के स्वच्छ जल के साथ खूब घोंटते जाना चाहिए। बारीक हो जाने पर मिश्री का पानी डालकर हिलाना चाहिए। स्वर्ण चूर्ण नीचे बैठ जाने पर पानी को धीरे-धीरे निकाल देना चाहिए। इस प्रकार तीन-चार धुलाई पर गूंद निकल जायेगा और सुनहरी या रूपहली स्याही तैयार हो जावेगी।

लाल स्याही--

हिंगुल को खरल में मिश्री के पानी के साथ खूब घोंटकर ऊपर आते हुए पीलास लिए हुए पानी को निकाल दें। इस तरह दस पन्द्रह बार करने से पीलास बाहर निकल जावेगा और शुद्ध लाल रंग रह जावेगा। फिर उसे मिश्री और गूंद के पानी के साथ घोंट-कर एक रस कर लें, फिर सुखा कर, बड़ीयां बना लें और आवश्यकतानुसार पानी में घोल कर स्याही बनालें।

लेखक—

"लेखक" शब्द लेखन–क्रिया के कर्त्ता के लिए प्रयुक्त होता है। लेखक के पर्याय-वाची शब्द जो भारतीय परम्परा में मिलते है वे हैं[2]—लिपिकार या लिबिकार या दिपिकार। इस शब्द का प्रयोग चतुर्थ शती ई०पू० से हुआ मिलता है। अशोक के अभिलेखों में भी इसका कई वार उल्लेख हुआ है। इनमें यह दो अर्थों में आया है—प्रथम तो लेखक, दूसरा शिलाओं पर लेख उत्कीर्ण करने वाला व्यक्ति। संस्कृत कोषों में इसे लेखक का ही पर्यायवाची माना गया है। जैसे अमरकोश में—

"लिपिकारोऽक्षरचणोऽक्षरञ्चु-चुश्च लेखके"।

मत्स्यपुराण में लेखक के निम्न गुण बताये गये हैं—

लेखक के गुण—

सर्वदेशाक्षरभिज्ञः सर्वशास्त्रविशारदः।
लेखकः कथितो राज्ञः सर्वाधिकरणेषु वै॥

---

१. इसी बात को स्पष्ट करते हुए मुनि जी ने बताया है कि जिस स्याही में लाख, कत्था और लोघ पड़ा हो तो वह स्याही कपड़े और कागज पर लिखने के काम की नहीं होती है। इससे कपड़े एवं कागज तम्बाकू के पत्ते जैसे हो जाते हैं।

—भारतीय जैन श्रमण संस्कृति अने लेखन कला पृष्ठ ४२

२. पाण्डे, आर० वी०, इण्डियन पालायोग्राफी पृष्ठ ६०।

शीर्षोपेतान् सुसंपूर्णान् शुभश्रेणिगतान् समान् ॥
अक्षरान् वै लिखेद्यस्तु लेखकः स वरः स्मृतः ॥

उपायवाक्यकुशलः सर्वशास्त्रविशारदः ।
बह्वर्थवक्ता चाल्पेन लेखकः स्यान्नृपोत्तम ॥

वाचाभिप्रायः तत्वज्ञो देशकालविभागवित् ।
अनाहार्यो नृपे भक्तो लेखकः स्यान्नृपोत्तम ॥

अध्याय, १८९

गरुड़-पुराण में लेखक के निम्न गुण बताये गये हैं—

मेघावी वाक्पटुः प्राज्ञः सत्यवादी जितेन्द्रियः ।
सर्वशास्त्रसमालोकी ह्यर्ष साधु सः लेखकः ॥

ऊपर के श्लोकों में लेखक के जिन गुणों का उल्लेख किया गया है, उनमें सबसे महत्त्वपूर्ण है "सर्वदेशक्षराभिज्ञः"—समस्त देशों के अक्षरों का ज्ञान लेखक को अवश्य होना चाहिये। साथ ही "सर्वशास्त्रसमालोकी"—समस्त शास्त्रों में लेखक की समान गति होनी चाहिए।

ऊपर उद्धृत पौराणिक श्लोकों में जिस लेखक की गुणावली प्रस्तुत की गई है, वह वस्तुतः राज-लेखक की है। उसका स्थान और महत्त्व लिखिया या लिपिकार के जैसा माना जा सकता है। हिन्दी में लेखक मूल रचनाकार को भी कहते है। लिपिकार को भी विशेषार्थक रूप में लेखक कहते हैं।

मन्दिरों, सरस्वती तथा ज्ञान-भण्डारों में लेखक-शालाओं के उल्लेख मिलते हैं। "कुमारपाल प्रबन्ध" में इसका उल्लेख इस प्रकार आया है—"एकदा प्रातर्गुरून् सर्वसाधूंश्च वन्दित्वा लेखकशाला विलोकनाय गतः। लेखकाः कागदपत्राणि लिखन्तो दृष्टाः।[1] जैनधर्म में पुस्तक लेखन को महत्त्वपूर्ण और पवित्र कार्य माना है। आचार्य हरिभद्रसूरि ने "योग-दृष्टि-समुच्चय" में लेखना पूजना दान" में श्रावक के नित्य कृत्यों में पुस्तक लेखन का भी विधान किया है। जैन ग्रन्थों से यह भी विदित होता है कि ग्रन्थ रचना के लिए विद्वान लेखक को विद्वान शिष्य और श्रमण विविध सूचनायें देने में सहायता किया करते थे।[2] ऐसी भी प्रथा थी कि ग्रन्थ

---

१. कुमारपाल प्रबन्ध पृष्ठ ९६।

२. (क) "अणहिल्लवाडयपुरे, रइयं सिज्जंससामिणो चरियं।
साहज्जेणं पंडियजिण चन्द्रगणिस्स सीसस्स॥"
— भगवति वृत्ति अभयदेवीयाः

(ख) साहेज्जं सव्वेहि कयं .... समित्थ गंथम्मि।
नयकित्तिबुहेणं पुण, विसेसओ सोहणाईहिं।"
—अरिष्टनेमिचरित्र रत्नप्रभीय

रचनाकार अपने विषय के मान्य शास्त्रवेत्ता और आचार्य के पास अपनी रचना संशोधनार्थ भेजा करते थे। उनसे पुष्टि पाने के बाद ही रचनाओं की प्रतियां कराई जाती थीं। ग्रन्थ लेखन या लेखक का कार्य पहले ब्राह्मणों के हाथों में रहा, बाद में "कायस्थों" के हाथों में चला गया। "कायस्थ" लेखकों का व्यवसायी वर्ग था। विज्ञानेश्वर ने याज्ञवल्क्य स्मृति (१/३३६) की टीका में मूल पाठ में आये कायस्थ शब्द का अर्थ लेखक ही किया है–"कायस्थगणका लेखकाश्च"। इसमें सन्देह नहीं कि कायस्थ वर्ग व्यवसायिक लेखकों का वर्ग होता था। यही आगे चलकर जाति के रूप में परिणत हो गया। कायस्थों का लेखन बहुत सुन्दर होता था। डॉ० हीरालाल माहेश्वरी ने निम्न दस प्रकार के लिपिकार बताये हैं :—

(१) जैन/श्रावक या मुनि

(२) साधु

(३) गृहस्थ

(४) पढ़ाने वाला (चाहे कोई हो)

(५) कामदार (राजघराने के लिपिक)

(६) दफ्तरी

(७) व्यक्ति विशेष के लिए लिखी गई प्रति का लिपिक कोई भी हो सकता है।

(८) अवसर विशेष के लिए लिखी गई प्रति का लिपिक कोई भी हो सकता है।

(९) संग्रह के लिए लिखी गई प्रति का लिपिक कोई भी हो सकता है।

(१०) धर्म विशेष के लिए लिखी गई प्रति का लिपिक कोई भी हो सकता है।

लेखक की साधन सामग्री—

लेखक को लेखन कार्य के लिए अनेक प्रकार की सामग्री की आवश्यकता रहती थी। एक श्लोक में "क" अक्षर वाली १७ वस्तुओं की सूची मिलती है[1]—(१) कुंपी (दवात), (२) काजल (स्याही), (३) केश (सिंह के बाल या रेशम), (४) कुश (दर्भ), (५) कम्बल, (६) कांबी, (७) कलम, (८) कृपाणिका (छुरी), (९) कतरनी (कैंची), (१०) काष्ठ पट्टिका, (११) कागज, (१२) कीकी (आंखें), (१३) कोटड़ी (कमरा), (१४) कलमदान, (१५) क्रमण-पैर, (१६) कटिकमर और (१७) कंकड़।

लेखक की निर्दोषता—

जिस प्रकार ग्रन्थकार अपनी रचना में हुई स्खलना के लिए क्षमाप्रार्थी बनता है वैसे ही लेखक अपनी परिस्थिति और निर्दोषता प्रकट करने वाले श्लोक लिखता है—

---

१. भारतीय जैन श्रमण संस्कृति अने लेखन कला,—पृष्ठ ५५

अदृष्टदोषान्मतिविभ्रमाद्वा, यदर्थहीनं लिखितं मयाऽत्र।
तत् सर्वमार्यैः परिशोधनीयं, कोपं न कुर्यात् खलु लेखकस्य ॥

यादृशं पुस्तके दृष्टं, तादृशं लिखितं मया।
यदि शुद्धमशुद्धं वा, मम दोषो न दीयते ॥

भग्नपृष्टिकटिग्रीवा, वक्रदृष्टिरधोमुखम्।
कष्टेन लिखितं शास्त्रं, यत्नेन परिपालयेत् ॥

बद्धमुष्टिकटिग्रीवा, मंद दृष्टिरधोमुखम्।
कष्टेन लिखितं शास्त्रं, यत्नेन परिपालयेत ॥

लघु दीर्घ पदहीण. वंजणहीण लखाणं हुई।
अजाणपणइ मूढपणइ पंडत हुई ते सुधकरी भणज्यो ॥ इत्यादि।

ग्रन्थसुरक्षा के लिए शास्त्रभण्डारों की स्थापना—

ग्रन्थों की सुरक्षा के सम्बन्ध में ओझाजी[1] ने यह टिप्पणी दी है कि ताड़पत्र, भोजपत्र या कागज या ऐसे ही अन्य लिप्यासन यदि बहुत नीचे या बहुत भीतर दाव कर रखे जाएं तो दीर्घ-जीवी हो सकते हैं। पर यह बात भी ध्यान देने योग्य है कि ऐसे दबे हुए ग्रन्थ भी ई० सन् की पहली दूसरी शताब्दी से पूर्व के प्राप्त नहीं होते।

इसका एक कारण तो भारत पर विदेशी आक्रमणों का चक्र हो सकता है। ऐसे कितने ही आक्रमणकारी भारत में आये जिन्होंने मन्दिरों, मठों, विहारों, पुस्तकालयों, नगरों, बाजारों को नष्ट और ध्वस्त किया। अपने यहाँ भी कुछ राजे महाराजे ऐसे हुए हैं जिन्होंने ऐसे ही कृत्य किए। अजयपाल के सम्बन्ध में टॉड ने लिखा है कि—इसके शासन में सबसे पहला कार्य यह हुआ कि उसने अपने राज्य के सब मन्दिरों को, वे आस्तिकों के हों या नास्तिकों के, जैनों के हों या ब्राह्मणों के नष्ट करवा दिया।[2] इसी में आगे लिखा है कि समधर्मानुयायियों के मतभेदों और वैमनस्यों के कारण भी लाखों ग्रन्थों की क्षति पहुँची है। उदाहरणार्थ तपागच्छ और खत्तरगच्छ के जैन धर्म के भेदों के आपसी कलह के कारण ही पुराने ग्रन्थों का नाश अधिक हुआ है और मुसलमानों द्वारा कम।[3]

अतः इन परिस्थितियों के कारण शास्त्रों की सुरक्षा के लिए ग्रन्थागारों या पोथीखानों या शास्त्र भण्डारों को भी ऐसे रूप में बनाने की समस्या आई, कि किसी आक्रमणकारी को आक्रमण करने का लालच ही न हो पाए। इसलिए ये भण्डार तहखानों में रखे गये।[4]

---

१. भारतीय प्राचीन लिपिमाला, पृष्ठ १४४-४५
२. टॉड, जेम्स—पश्चिम भारत की यात्रा, पृष्ठ २०२
३. वही, पृष्ठ २९८
४. वही, पृष्ठ २४६

डा. कासलीवाल ने बताया कि अत्यधिक असुरक्षा के कारण ग्रन्थ भण्डारों को सामान्य पहुँच से बाहर के स्थानों पर स्थापित किया गया। जैसलमेर में प्रसिद्ध जैन भण्डार इसलिए बनाया गया कि उधर रेगिस्तान में आक्रमण की कम सम्भावना थी। साथ ही मन्दिर में भू-गर्भस्थ कक्ष बनाए जाते थे, और आक्रमण के समय ग्रन्थों को इन तहखानों में पहुँचा दिया जाता था। सांगानेर, आमेर, नागौर, मौजमाबाद, अजमेर, फतेहपुर, दूनी मालपुरा तथा कितने ही अन्य मन्दिरों में आज भी भू-गर्भित कक्ष हैं। जिनमें ग्रन्थ ही नहीं मूर्तियां भी रखी जाती हैं।

इन उल्लेखों से स्पष्ट होता है कि ग्रन्थों की रक्षा की दृष्टि से ही पुस्तकालयों के स्थान चुने जाते थे। और उन स्थानों में सुरक्षित कक्ष भी उनके लिए बनवाये जाते थे। साथ ही उनका उपर का रूप भी ऐसा बनाया जाता था कि आक्रमणकारी का ध्यान उस पर न जा पाये।

ग्रन्थों का रख रखाव—

ग्रन्थों की सुरक्षा, के एवं संग्रह की दृष्टि से जैन समाज ने सबसे महत्त्वपूर्ण कार्य किया है। उन्होंने प्रत्येक पाण्डुलिपि के दोनों ओर कलात्मक पुट्ठे लगाये। कभी-कभी ऐसे पुट्ठों की संख्या एक से अधिक भी होती थी। ये पुट्ठे कागज के ही नही किंतु लकड़ी के भी होते थे। ग्रंथ को दोनों पुट्ठों के बीच में रखने के पश्चात् ग्रन्थ को वेष्टन में बांधा जाता था। "रक्षेत् शिथिलबंधनात्" का मन्त्र इन्हें खूब याद था। वेष्टन में लपेटने के पश्चात् उस पर डोरी (फीता) से कसकर बांधा जाता था। जिससे हवा, सीलन एवं दीमक से उसे सुरक्षित रखा जा सके। आज से २०० वर्ष पूर्व तक ऐसे वेष्टनों को मोटे कपड़े के बोरों में रख दिया जाता था और उसको डोरी से बांध दिया जाता था। आमेर शास्त्र भण्डार में पहिले सारे ग्रन्थ इसी तरह रखे जाते थे। इससे ग्रन्थों को सुरक्षित रखने में पर्याप्त सहायता मिली। ताड़पत्र अथवा कागज पर लिखे हुए ग्रन्थों के बीच में एक धागा पिरोया हुआ होता था, जिसे ग्रन्थि कहा जाता था। कालान्तर में ग्रन्थि से बांधने के कारण ही शास्त्रों को ग्रन्थ के नाम से जाना जाने लगा। इसके पश्चात् ग्रन्थों को तलघर में रखा जाता था तथा चूहों, दीमकों एवं सीलन से उनकी पूर्ण सुरक्षा की जाती थी।

सचित्र ग्रन्थों की सुरक्षा के विशेष उपाय किये जाते थे। प्रत्येक चित्र के ऊपर एक बारीक लाल कपड़ा रखा जाता था। जिससे कि चित्र का रंग खराब न हो सके। साथ ही पत्र के शेष भाग पर भी चित्र का कोई असर नहीं हो। ग्रन्थों की सुरक्षा के लिए निम्न पद्य ग्रन्थों के अन्त में लिखा रहता था—

"जलाद् रक्षेत् स्थलाद् रक्षेत्, रक्षेत् शिथिलबन्धनात्
मूर्खहस्ते न दातव्या, एवं वदति पुस्तिका"

"अग्ने रक्षेत्, जलाद् रक्षेत् मूपकेभ्यो विशेपतः ।
कष्टेन लिखितं शास्त्रं, यत्नेन परिपालयेत् ॥
उदकानिलचौरेभ्यो, मूपकेभ्यो हुताशनात् ।
कष्टेन लिखितं शास्त्रं यत्नेन परिपालयेत् ॥"

स्याही का भी पूरा ध्यान रखा जाता था । इसलिए ग्रन्थों के लिए स्याही को पूरी तरह से तैयार किया जाता था । जिससे न तो वह स्याही फैल सके और न एक पत्र दूसरे पत्र से चिपक सके ।

ग्रन्थों के लिए कागज भी विशेष प्रकार का बना हुआ होता था । प्राचीन काल में सांगानेर में इस प्रकार के कागज के बनाने की व्यवस्था थी । जयपुर के शास्त्र भण्डारों में १४वीं शताब्दी तक के लिखे हुए ग्रन्थ उपलब्ध होते हैं । उनकी न तो स्याही ही बिगड़ी है और न कागज में ही कोई विशेष असर आया है ।

इस प्रकार ग्रन्थों के लिखने एवं उनके रख रखाव में पूर्ण सतर्कता के कारण सैकड़ों वर्ष पुरानी पाण्डुलिपियाँ आज भी दर्शनीय बनी हुई हैं । और उनका कुछ भी नहीं बिगड़ा है ।

राजस्थान के प्रमुख शास्त्र भण्डार—

सम्पूर्ण देश में ग्रन्थों का अपूर्व संग्रह मिलता है । उत्तर से दक्षिण तक तथा पूर्व से पश्चिम तक सभी प्रान्तों में हस्तलिखित ग्रन्थों के भण्डार स्थापित हैं । इनमें सरकारी क्षत्रों में पूना का भण्डारकर-ओरियंटल इन्स्टीट्यूट, तंजोर की सरस्वती महल लायब्रेरी, मद्रास विश्वविद्यालय की ओरियन्टल मैनस्क्रिप्ट्स लायब्रेरी, कलकत्ता की बंगाल एशियाटिक सोसायटी आदि के नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं । सामाजिक क्षेत्र में अहमदाबाद का एल० डी० इन्स्टीट्यूट, जैन सिद्धान्त भवन-आरा, पन्नालाल ऐलक दि० जैन सरस्वती भवन उज्जैन, झालरापाटन; जैन शास्त्र भण्डार कारंजा, लिम्बीडी–सूरत, आगरा, दिल्ली आदि के नाम भी लिये जा सकते हैं । इस प्रकार सारे देश में इन शास्त्र भण्डारों की स्थापना की हुई हैं ।

हस्तलिखित ग्रन्थों के संग्रह की दृष्टि से राजस्थान का स्थान सर्वोपरि है । मुस्लिम शासनकाल में यहाँ के राजा महाराजाओं ने अपने-अपने निजी संग्रहालयों में हजारों ग्रन्थों का संग्रह किया, और उन्हें मुलसमानों के आक्रमण से अथवा दीमक एवं सीलन से नष्ट होने से बचाया । स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् राजस्थान सरकार ने जोधपुर में जिस प्राच्यविद्या शोध प्रतिष्ठान की स्थापना की है, उसमें एक लाख से अधिक ग्रन्थों का संग्रह हो चुका है । जो एक अत्यधिक सराहनीय कार्य है । इसी तरह जयपुर, बीकानेर, अलवर जैसे कुछ भूतपूर्व शासकों के निजी संग्रहों में भी हस्तलिखित ग्रन्थों का महत्त्वपूर्ण संग्रह है, जिसमें संस्कृत ग्रन्थों की सर्वाधिक संख्या है । लेकिन इन सबके अतिरिक्त राजस्थान में जन ग्रन्थ भण्डारों की संख्या सर्वाधिक है । डा० कस्तूरचन्द कासलीवाल, जिन्होंने राजस्थान के ग्रन्थ

भण्डारों की सूचीकरण का कार्य किया है, के अनुसार उनमें संग्रहित ग्रन्थों की संख्या चार लाख से कम नहीं है।

राजस्थान में जैन समाज पूर्ण शान्तिप्रिय एवं प्रभावक समाज रहा है। इस प्रदेश की अधिकांश रियासतों—जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, नागौर, जैसलमेर, उदयपुर, कोटा, बूंदी, डूंगरपुर, अलवर, भरतपुर, झालावाड़, सिरोही आदि में जैनों की घनी आबादी रहीं है। यही नहीं शताब्दियों तक जैनों का इन स्टेट्स की शासन व्यवस्था में पूर्ण प्रभुत्व रहा है तथा वे शासन के सर्वोच्च पद पर प्रतिष्ठित रहे हैं। इसी कारण साहित्य संग्रह के अतिरिक्त उन्होंने हजारों जैन मन्दिर भी बनवाये। जिनमें आबू, जैसलमेर, जयपुर, सांगानेर, भरतपुर, बीकानेर, रोजत, रणकपुर, मोजमाबाद, केशोरायपाटन, कोटा, बून्दी, लाडनूं आदि के मन्दिर आज भी पुरातत्त्व एवं कला की दृष्टि से उल्लेखनीय हैं।

ग्रंथों की सुरक्षा एवं संग्रह की दृष्टि से राजस्थान के जैनाचार्यों, मुनियों, यतियों, सन्तों एवं विद्वानों का प्रयास विशेष रूप से उल्लेखनीय है। उन्होंने अपनी कृतियों द्वारा जनता में देश-भक्ति, नैतिकता, एवं सांस्कृतिक जागरूकता का प्रचार एवं प्रसार किया। उन्होंने नागौर, बीकानेर, अजमेर, जैसलमेर, जयपुर आदि कितने ही नगरों में ग्रंथ-भण्डारों के रूप में साहित्यिक दुर्ग स्थापित किये। जहां भारतीय साहित्य एवं संस्कृति की सुरक्षा एवं उसके विकास के उपाय सोचे गये तथा सारे प्रदेश में ग्रंथों की प्रतिलिपियां करवाने, उनके पठन–पाठन का प्रचार करने का कार्य व्यवस्थित रूप से किया गया, और राजनैतिक उथल–पुथल एवं सामाजिक झगड़ों से इन शास्त्र भण्डारों को दूर रखा गया। इन शास्त्र भण्डारों ने राजस्थान के इतिहास के कितने ही महत्त्वपूर्ण तथ्यों को संजोया और उन्हें सदा ही नष्ट होने से बचाया। ये ग्रंथ संग्रहालय छोटे-छोटे गांवों से लेकर बड़े-बड़े नगरों तक में स्थापित किये हुए हैं। जयपुर, नागौर, बीकानेर, अजमेर, जैसलमेर, बून्दी जैसे नगरों में एक से अधिक ग्रंथ संग्रहालय हैं। अकेले जयपुर नगर में ऐसे ३० ग्रंथ-भण्डार हैं। जिन सभी में हस्तलिखित पाण्डुलिपियों का अच्छा संग्रह है। इनमें संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, हिन्दी, राजस्थानी भाषा के हजारों ग्रंथों की पाण्डुलिपियां सुरक्षित हैं। यहां किसी एक विषय पर अथवा एक ही भाषा की पाण्डुलिपियां संग्रहित नहीं है अपितु धर्म, दर्शन, पुराण, कथा, काव्य एवं चरित के अतिरिक्त इतिहास ज्योतिष, गणित, आयुर्वेद, संगीत जैसे लौकिक विषयों पर भी अच्छी से अच्छी कृतियों की पाण्डुलिपियां उपलब्ध होती हैं। इसलिये ये प्राचीन साहित्य, इतिहास, एवं संस्कृति के अध्ययन करने के लिए प्रामाणिक केन्द्र हैं।

राजस्थान के इन ग्रंथ-भण्डारों में ताड़पत्र की पाण्डुलिपियों की दृष्टि से जैसलमेर का बृहद् ज्ञान-भण्डार अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है किन्तु कागज पर लिखी पाण्डुलिपियों की दृष्टि से नागौर, बीकानेर, जयपुर एवं अजमेर के शास्त्र-भण्डार उल्लेखनीय हैं। अकेले नागौर के भट्टारकीय शास्त्र भण्डार में १५००० हस्तलिखित ग्रंथ एवं २००० गुटकों का संग्रह है। गुटकों में संग्रहित ग्रंथों की संख्या की जावे तो वह भी १०,००० से कम नहीं होगी। इसी

तरह जयपुर में ३० से भी अधिक संग्रहालय हैं जिनमें आमेर शास्त्र भण्डार, दिगम्बर जैन बड़ा मन्दिर ग्रंथ भण्डार, तेरहपन्थियों का शास्त्र भण्डार, पाटोदियों के मन्दिर का शास्त्र भण्डार आदि के नाम विशेष उल्लेखनीय हैं। इन भण्डारों में अपभ्रंश एवं हिन्दी के ग्रंथों की पाण्डुलिपियों का अच्छा संग्रह है। इन शास्त्र भण्डारों में जैन विद्वानों द्वारा लिखित ग्रंथों के अतिरिक्त जैनेतर विद्वानों द्वारा निबद्ध ग्रंथों की भी प्राचीनतम एवं महत्त्वपूर्ण पाण्डुलिपियों का संग्रह मिलता है।

ग्रंथ भण्डारों में संग्रहित पाण्डुलिपियों के अन्त में प्रशस्तियां दी हुई हैं। जो इतिहास की दृष्टि से अत्यधिक महत्त्वपूर्ण हैं। ये प्रशस्तियां ११वीं शताब्दी से लेकर १९वीं शताब्दी तक की हैं। वैसे प्रशस्तियां दो प्रकार की होती हैं—एक स्वयं लेखक द्वारा लिखी हुई तथा दूसरी लिपिकारों द्वारा लिखी हुई होती हैं। ये दोनों ही प्रामाणिक होती हैं और इनकी प्रामाणिकता में कभी शंका नहीं की जा सकती। मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि इन ग्रंथकारों एवं लिपिकारों ने इतिहास का महत्त्व बहुत पहले ही समझ लिया था इसलिए ग्रंथ लिखवाने वाले श्रावकों का, उनकी गुरु परम्पराओं तथा तत्कालीन सम्राट् अथवा शासक के नामोल्लेख के साथ-साथ उनके नगर का भी उल्लेख किया करते थे। राजस्थान के इन जैन भण्डारों में संग्रहित प्रतियों के मुख्य केन्द्र हैं—अजमेर, जैसलमेर, नागौर, चम्पावती, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़, उदयपुर, आमेर, बून्दी, बीकानेर आदि। इसलिए इनके शासकों एवं राजस्थान के नगरों एवं कस्बों के नाम खूब मिलते हैं, जिनके आधार पर यहां के ग्राम और नगरों के इतिहास पर भी अच्छा प्रकाश डाला जा सकता है।

अभी तक जैसलमेर भण्डार के अलावा अन्य किसी भी भण्डार का विस्तृत अध्ययन नहीं किया गया है। जिन्होंने अभी तक सर्वेक्षण किया है उनमें विदेशियों में व्यूहलर, पीटर्सन, तथा भारतीय विद्वानों में श्रीधर, भण्डारकर, हीरालाल, हंसराज, हंसविजय, सी०डी० दलाल आदि ने केवल जैसलमेर भण्डार का ही सर्वेक्षण का कार्य किया है।

स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् राजस्थान साहित्यानुसंधान के कार्य में काफी आगे बढ़ा है। राजस्थान सरकार ने जोधपुर में "राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान" के नाम से एक शोध केन्द्र स्थापित किया है। इसकी मुख्य प्रवृत्ति महत्त्वपूर्ण प्राचीन हस्तलिखित ग्रंथों को संग्रहित व प्रकाशित करने की है। इस केन्द्र की बीकानेर, जयपुर, उदयपुर, कोटा, चित्तौड़गढ़ आदि स्थानों पर शाखाएं भी हैं। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार से अनुदान प्राप्त संस्थाओं में साहित्य संस्थान उदयपुर, भारतीय विद्या मन्दिर शोध प्रतिष्ठान बीकानेर, राजस्थानी शोध संस्थान चौपासनी आदि मुख्य हैं। स्वतन्त्र रूप से हस्तलिखित ग्रंथों के संरक्षण का कार्य करने वाली संस्थाओं में महावीर भवन जयपुर, अभय जैन ग्रन्थालय बीकानेर, विनय चन्द्र ज्ञान-भण्डार-लाल भवन, जयपुर, खतर गच्छीय ज्ञान भण्डार-जयपुर आदि के नाम विशेष उल्लेखनीय हैं।

राजस्थान के ग्रन्थ भण्डारों के सूची-पत्रों के प्रकाशन की दिशा में भी थोड़ा बहुत कार्य अवश्य हुआ है, पर वह पर्याप्त नहीं है। बीकानेर की अनूप संस्कृत लायब्रेरी व उदयपुर

के सरस्वती भवन के हस्तलिखित ग्रन्थों के सूची-पत्र प्रकाशित हुए हैं। साहित्य संस्थान उदयपुर की ओर से हस्तलिखित ग्रन्थों के सात भाग प्रकाशित हो चुके हैं। राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर व जयपुर के हस्तलिखित ग्रन्थों के भी ७ भाग प्रकाशित हुए हैं। राजस्थानी शोध संस्थान चौपासनी के हस्तलिखित ग्रंथों के भी कुछ भाग प्रकाशित हुए हैं। महावीर भवन जयपुर ने भी इस दिशा में अनुकरणीय कार्य किया है। वहाँ से डा० कस्तूरचन्द कासलीवाल एवं प० अनूपचन्दजी न्यायतीर्थ के तैयार किए हुए राजस्थान के जैन शास्त्र भण्डारों की ग्रन्थ सूचियों के पाँच भाग प्रकाशित हो चुके हैं। विनयचन्द्र ज्ञान भाण्डार में उपलब्ध हस्तलिखित ग्रन्थों के एकभाग का प्रकाशन हुआ है। प्रस्तुत ग्रन्थ द्वारा भट्टारकीय ग्रन्थ भण्डार नागौर के हस्तलिखित ग्रन्थों का प्रथम भाग सामने आ रहा है। यदि राजस्थान के सभी भण्डारों की व्यवस्थित सूचियां प्रकाशित होकर सामने आ जायें तो साहित्य-जगत् एव शोधकर्ताओं के लिए बड़ी हितकारी सिद्ध हो सकती हैं।

ग्रन्थ सूचियों की अनुसंधान एवं इतिहास लेखन में उपयोगिता

साहित्यिक, दार्शनिक, ऐतिहासिक अनुसंधानों में ग्रन्थ सूचियों का विशेष महत्त्व होता है। एक प्रकार से ये ग्रथ सूचियां शोध कार्य में आधार-भित्ति का कार्य करती हैं। भारतीय साहित्य की परम्परा बड़ी समृद्ध और वैविध्यपूर्ण रही है। छापेखाने के अविष्कार के पूर्व यहां का साहित्य कंठ-परम्परा से लेखन परम्परा में अवतरित होकर सुरक्षित रहा। विदेशी आक्रमणकारियों ने यहाँ की साँस्कृतिक परम्पराओं को नष्ट करने के लक्ष्य से साहित्य और कला को भी अपना लक्ष्य बनाया। राजघरानों में संरक्षित बहुतसा साहित्य नष्ट कर दिया गया। राजघरानों में विद्यमान साहित्य उस विशाल साहित्य का अल्पांश ही है। व्यक्तिगत संग्रहालय किसी न किसी रूप में थोड़े बहुत सुरक्षित अवश्य रहे हैं, पर उनके महत्त्व को ठीक प्रकार से न समझने के कारण बहुत सी महत्त्वपूर्ण पाण्डुलिपियां देश से बाहर चली गई हैं। स्वतन्त्रता के बाद भी यह क्रम जारी है। इस सांस्कृतिक निधि की सुरक्षा का प्रश्न राष्ट्रीय स्तर पर हल किया जाना चाहिए।

प्राचीन हस्तलिखित ग्रन्थों की दृष्टि से राजस्थान सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण प्रदेश है। रेगिस्तानी इलाका होने के कारण विदेशी आक्रमणकारियों से यह थोड़ा बहुत बचा रहा। इस प्रदेश में जैनों की संख्या अधिक होने के कारण भी भारतीय साहित्य का बहुत बड़ा भाग जैन मन्दिरों और उपाश्रयों के माध्यम से सुरक्षित रहा। जैन श्रावकों में शास्त्र-वाचन और स्वाध्याय की विशेष परम्परा होने के कारण उन्होंने महत्त्वपूर्ण ग्रंथों की प्रतिलिपियाँ करवा कर उनकी प्रतियां मन्दिरों, उपाश्रयों एव व्यक्तिगत संग्रहालयों में सुरक्षित रखीं। ग्रंथों की सुरक्षा एवं संग्रह की दृष्टि से जैनाचार्यों, साधुओं, यतियों एवं श्रावकों का प्रयास विशेष उल्लेखनीय है। प्राचीन ग्रंथों की सुरक्षा एवं नये ग्रंथों के संग्रह में जितना ध्यान जैन समाज ने दिया है उतना अन्य समाज नहीं दे सका। ग्रंथों की सुरक्षा में उन्होंने अपना पूर्ण

जीवन लगा दिया और किसी भी विपत्ति अथवा संकट के समय ग्रंथों की सुरक्षा को प्रमुख स्थान दिया।

यहाँ एक बात और विशेष ध्यान देने की है और वह यह है कि जैनाचार्यों एवं श्रावकों ने अपने शास्त्र-भण्डारों में ग्रंथों की सुरक्षा एवं संग्रह करने में जरा भी भेदभाव नहीं रखा। जिस प्रकार उन्होंने जैन-ग्रन्थों की सुरक्षा एवं उनका संकलन किया उसी प्रकार जैनेतर ग्रन्थों की सुरक्षा एवं संकलन पर भी विशेष जोर दिया।

राजस्थान के इन जैन-भण्डारों में संग्रहीत ग्रन्थों का अभी तक मूल्यांकन नहीं हो सका है। विद्या के एवं शोध के अनेक ऐसे क्षेत्र हैं जिन पर इन भण्डारों में सग्रहीत ग्रन्थों के आधार पर कार्य किया जा सकता है। आयुर्वेद, छन्द, ज्योतिष, अलंकार, नाटक, भूगोल, इतिहास, सामाजिक शास्त्र, न्याय व्यवस्था, यात्रा, व्यापार तथा प्राकृतिक सम्पदा आदि विभिन्न विषयों पर इन भण्डारों में सग्रहीत ग्रन्थों के आधार पर शोध कार्य किया जा सकता है। जिससे कितने ही नये तथ्यों की जानकारी मिल सकती है। भाषा-विज्ञान, अर्थशास्त्र एवं समीक्षा ग्रन्थों पर कार्य करने के लिए भी इनमें प्रचुर सामग्री सग्रहीत है। देश में विभिन्न बादशाहों एवं राजाओं के शासन काल में विभिन्न वस्तुओं की क्या-क्या कीमतें थीं? तथा भुखमरी, अकाल जैसे आर्थिक रोचक विषयों पर भी इनमें पर्याप्त सामग्री उपलब्ध होती हैं। ऐसे कितने ही पत्रों का सग्रह मिलेगा जिनमें मां बाप ने भुखमरी के कारण अपने लड़कों को बहुत कम मूल्य में बेच दिया था। इन सब के अतिरिक्त भण्डारों में संग्रहीत ग्रन्थों में एवं उनकी प्रशस्तियों के आधार पर देश के सैंकड़ों हजारों नगरों एवं ग्रामों के इतिहास पर, उनमें सम्पन्न विभिन्न समारोहों पर, वहाँ के निवासियों पर प्रचुर सामग्री का संकलन किया जा सकता है।

नागौर का ऐतिहासिक परिचय, ग्रन्थ भण्डार को स्थापना एवं विकास

वर्तमान में नागौर राजस्थान प्रदेश का एक प्रान्त है जो इसके मध्य में स्थित है। पहिले यह जोधपुर राज्य का प्रमुख भाग था। नागौर जिले का प्रमुख नगर है तथा यहाँ की भूमि अर्द्ध रेगिस्तानी है।

रामायण कालीन अनुश्रुति के अनुसार पहिले यहाँ पर समुद्र था। लेकिन रामचन्द्रजी ने अग्निबाण चलाकर उस समुद्र को सुखा दिया। महाभारत के अनुसार इस प्रदेश का नाम कुरु-जांगल था। मौर्यवंश का शासन भी इस क्षेत्र पर रहा। विक्रम की दूसरी शताब्दी से पाँचवीं शती तक नागौर का अधिकांश क्षेत्र नागवंशी राजाओं के अधीन रहा। उसी समय से नागौर, नाग पट्टन, अहिपुर, भुजंगपुर अहिछत्रपुर आदि विभिन्न नामों से समय-समय पर जाना जाता रहा। बाद में कुछ समय के लिए इस प्रदेश पर गौड़ राजपूतों का शासन रहा। बाद में गौड़ राजपूत कुचामन, नांवा, मारोठ की ओर चले गये, इसलिए यह पूरा प्रदेश गौड़वाटी के नाम से जाना जाने लगा।

विक्रम की ७वीं शताब्दी में यहाँ पर चौहानों का शासन हुआ। चौहानों की

राजधानी शाकम्भरी (साम्भर) थी। इनके शासन काल में यह क्षेत्र सपादलक्ष के नाम से प्रसिद्ध हुआ। यही कारण है कि आज भी स्थानीय लोग इसे सवालक्ष कहते हैं।

इसी बीच कुछ समय के लिये यह नगर प्रतिहारों के अधीन आ गया। जयसिंह सूरि के धर्मोपदेश की प्रशस्ति में मिहिरभोज प्रतिहार का उल्लेख मिलता है। जयसिंह सूरि ने नागौर में ९१५ वि. सं में इस ग्रन्थ की रचना की थी।[1]

अणहिलपुर पाटन (गुजरात) के शासक सिद्धराज जयसिंह ने १२वीं शताब्दी में इस क्षेत्र पर अपना अधिकार कर लिया। जो भीमदेव के समय तक बना रहा। महाराजा कुमारपाल के गुरु प्रसिद्ध जैनाचार्य कविकाल सर्वज्ञ श्री हेमचन्द्र सूरि का पट्टाभिषेक संवत् ११६६ की वैशाख सुदी ३ को यहीं पर हुआ था।

इसके बाद यह नगर तथा क्षेत्र वापिस चौहानों के अधिकार में चला गया। प्राचीन समय से ही यहाँ पर छोटा गढ़ बना हुआ था जिसके खण्डहर आज भी उपलब्ध होते हैं। चौहानों ने अपने मध्य में होने के कारण तथा लाहौर से अजमेर जाने के रास्ते में पड़ने के कारण यहाँ पर दुर्ग बनाना आवश्यक समझा क्योंकि उस समय तक महमूद गजनवी के कई बार आक्रमण हो चुके थे। इसलिए नगर में विशाल दुर्ग का निर्माण वि० सं० १२११ में पृथ्वीराज तृतीय के पिता सोमेश्वर के शासनकाल में प्रारम्भ हुआ। जिसका शिलालेख दरवाजे पर आज भी सुरक्षित है।

सन् १२९३ में पृथ्वीराज चौहान (तृतीय) की हार के बाद यहाँ पर दिल्ली के सुल्तानों का अधिकार हो गया। उसी समय यहाँ पर प्रसिद्ध मुस्लिम संत तारकीन हुआ जो अजमेर वाले ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती का शिष्य था। इसकी दरगाह परकोटे के बाहर गिनाणी-तालाब के पीछे की तरफ बनी हुई है। इसके लिए उर्स के अवसर पर अजमेर के मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह से चादर कब्र पर ओढाने के लिए आती है। इसी समय से नागौर मुस्लिम धर्म का भी केन्द्र बन गया।

एक शिलालेख के अनुसार सन् १३९३ में इस क्षेत्र पर देहली के शासक फीरोज-शाह तुगलक का शासन था। फिरोजशाह के शासन में ही दिगम्बर जैन भट्टारक सम्प्रदाय के द्वारा संवत् १३९० पोष सुदी १५ को दिल्ली में वस्त्र धारण करने की प्रथा का श्रीगणेश हुआ। उसके पूर्व वे सब नग्न रहते थे। इन भट्टारकों का मुस्लिम शासकों (बादशाहों) पर अच्छा प्रभाव था। इसलिये उन्हें विहार एवं धर्म प्रचार की पूरी सुविधा थी। यही नहीं मुस्लिम बादशाहों ने इनकी सुरक्षा के लिए समय-समय पर कितने ही फरमान निकाले थे। उसी समय से दिल्ली गादी के भट्टारक नागौर आते रहे और सम्वत् १५७२ में नागौर में एक स्वतन्त्ररूप में भट्टारक गादी की स्थापना की।

सन् १४०० ई. के बाद नागौर की स्वतन्त्र रियासत स्थापित हुई। जिसका[2] फिरोजखान प्रथम सुलतान था। जो गुजरात के राजवंश[3] से सम्बन्धित था। जिसका प्रथम

---

१. Jainism in Rajasthan by Dr. K.C. Jain Page, 153.
२. History of Gujarat, page 68.
३. Epigraphika Indomuslimica 1923-24 and 26.

शिलालेख १४१८ A.D. का मिलता है। सुल्तान फिरोजखान के समय मेवाड़ के महाराजा मोकल ने नागौर पर आक्रमण किया तथा डीडवाना तक के प्रदेश पर अपना अधिकार कर लिया। मोकल के लौटने पर शम्सखां के पुत्र मुजाहिदखां ने इस क्षेत्र पर अपना अधिकार कर लिया। शम्सखां ने शम्स तालाव बनवाया। शम्स तालाब के किनारे अपने गुरु की दरगाह तथा मस्जिद बनवाई। इसी दरगाह के प्रांगण में ही शम्सखां तथा उनके वंशजों की कब्रें बनी हुई हैं। इस तालाब के चारों ओर परकोटा बना हुआ है।

महाराजा कुम्भा ने भी एक बार नागौर पर आक्रमण किया था। जिसका शिलालेख गोठ मांगलोद के माताजी के मन्दिर में लगा हुआ है। महाराजा कुम्भा ने राज्य को वापस पुराने सुल्तान को ही सौंप दिया। इसी वंश में मुजाहिद खां, फिरोज खां, जफरखां, नागौरीखां आदि सुल्तान हुए। ये सुल्तान मुस्लिम होते हुये भी हिन्दू तथा जैनधर्म के विरोधी नहीं थे। इनके राज्यकाल में दिगम्बर जैन भट्टारक तथा साधुओं का विहार निर्बाध गति के साथ होता था। उस समय जैनधर्म के बहुत से ग्रन्थों की रचनाएं एवं लिपि करने का कार्य सम्पन्न हुआ। तत्कालीन प्रसिद्ध भट्टारक जिनचन्द्र संवत् १५०७ से १५७१ का भी यहां आगमन हुआ था। जिनके द्वारा संवत् १५४८ में प्रतिष्ठित सैंकड़ों मूर्तियां सम्पूर्ण देश के बड़े-बड़े जैन मन्दिरों में उपलब्ध होती हैं। पं० मेधावी ने नागौर में ही रहकर सवत् १५४१ में धर्मगृह श्रावकाचार की रचना की थी।[1] इसमें फिरोजखान की न्यायप्रियता, वीरता और उदारता की प्रशंसा की है।[2] मेधावी भट्टारक जिनचन्द्र के शिष्य थे। इस ग्रन्थ की प्रतियां भारत के सभी जैन ग्रन्थ भण्डारों में प्रायः पाई जाती हैं। इसी वंश के नवाब नागौरीखां के दीवान परवतशाह पाटनी हुए थे। जिनका शिलालेख श्री दिगम्बर जैन बीस पन्थी मन्दिर में लगा हुआ है। इन परवतशाह पाटनी ने एक वेदी बनवाई तथा उसकी प्रतिष्ठा बड़ी धूम-धाम से कराई थी। ऐसा शिलालेख में लिखा है। चूने की पुताई हो जाने से पूरा लेख पढ़ने में नहीं आता है।

सुल्तानों के शासन के पतन के पश्चात् नागौर पर मुगल सम्राट् अकबर का अधिकार हो गया। स्वयं अकबर भी नागौर आया था। उसने गिनाणी तालाब के किनारे दो मीनारों वाली मस्जिद बनवाई। जो आज भी अकबरी मस्जिद के नाम से प्रसिद्ध है। इसमें अकबर के समय का फारसी भाषा का शिलालेख लगा हुआ है।

जोधपुर नरेश महाराजा गजसिंह के दो पुत्र थे—बड़े अमरसिंह तथा छोटे जसवन्त सिंह। अमरसिंह बड़े अक्खड़, निर्भीक और वीर थे। जोधपुर के सरदार अमरसिंह से नाराज हो गये। शाहजहां ने इनकी वीरता पर खुश होकर नागौर का प्रदेश इनको जागीर में दे दिया।

---

१. राजस्थान के ग्रन्थ भण्डारों की सूची, भाग प्रथम, पृष्ठ ७६

२ सपादलक्षे विपयेति सुन्दरे, श्रियापुरं नागपुरं समस्तितत्।
फैरोजखानो नृपतिः प्रयाति यन्नायेन शौर्येण रिपून्निहन्ति च ॥

अमरसिंह के पश्चात् शाहजहाँ ने इन्दरसिंह को नागौर का राजा बना दिया। इन्दरसिंह ने शहर में अपने रहने के लिए एक सुन्दर महल बनवाया। जिसका उल्लेख महल के दरवाजे पर लेख में मिलता है।

सैकड़ों वर्षों तक मुस्लिम शासन में रहने के कारण कई धर्मान्ध शासकों ने यहाँ के हिन्दू एवं जैन मन्दिरों को खूब ध्वस्त किया। मन्दिरों को मस्जिदों में परिवर्तित किया गया। फिर भी नागौर जैन संस्कृति का एक प्रमुख नगर माना जाता रहा। सिद्धसेनसूरि (१२वीं शताब्दी) ने इसका प्रमुख तीर्थ के रूप में उल्लेख किया है। जैनाचार्य हेमचन्द्रसूरि के पट्टाभिषेक के समय यहाँ के धनद नाम के श्रेष्ठि ने अपनी अपार सम्पत्ति का उपयोग किया था। १३वीं शताब्दी में पेथड़शाह ने यहाँ एक जैन मन्दिर का निर्माण कराया था। तपागच्छ की एक शाखा नागपुरीय का उद्गम भी इसी नगर से माना जाता है। १५वीं १६वीं शताब्दी मे यहाँ कितनी ही श्वेताम्बर मूर्तियों की प्रतिष्ठा हुई। उपदेशगच्छ के कक्कसूरि ने ही यहाँ शीतलनाथ के मन्दिर की प्रतिष्ठा कराई थी।

शास्त्र भण्डार की स्थापना एवं विकास—

सम्वत् १५८१, श्रावण शुक्ला पंचमी को भट्टारक रत्नकीर्ति ने यहाँ भट्टारकीय गादी के साथ ही एक वृहद् ज्ञान भण्डार की स्थापना की। जिनचन्द्र के शिष्य भट्टारक रत्नकीर्ति के पश्चात् यहाँ एक के बाद दूसरे भट्टारक होते रहे। इन भट्टारकों के कारण ही नागौर में जैनधर्म एवं साहित्य का अच्छा प्रचार प्रसार होता रहा। नागौर का यह ग्रन्थ भण्डार सारे राजस्थान में विशाल एवं समृद्ध है। पाण्डुलिपियों का ऐसा विशाल संग्रह राजस्थान में कहीं नहीं मिलता। यहाँ करीब १५ हजार पाण्डुलिपियों का संग्रह है जिनमें करीब दो हजार से अधिक गुटके हैं। यदि गुटकों में संग्रहीत ग्रन्थों की संख्या की जावे तो इनकी संख्या भी १०,००० से कम नहीं होगी। भण्डार में मुख्यतः प्राकृत, अपभ्रंश संस्कृत, हिन्दी एवं राजस्थानी भाषा में निबद्ध कृतियाँ सर्वाधिक संख्या में है। अधिकांश पाण्डुलिपियां १४वीं शताब्दी से १६वीं शताब्दी तक की हैं। जिनसे पता चलता है कि गत १५० वर्षों से यहाँ ग्रन्थ संग्रह की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। इससे पूर्व यहाँ ग्रन्थ लेखन का कार्य पूर्ण वेग से होता था। सम्पूर्ण भारत वर्ष के शस्त्रागारों में सैकड़ों ऐसे ग्रन्थ हैं जिनकी पाण्डुलिपियाँ नागौर में हुई थीं। प्राकृत भाषा के ग्रथों में आचार्य कुन्दकुन्द के समयसार की यहाँ सन् १३०३ की पाण्डुलिपि है, इसी तरह मूलाचार की १३३८ की पाण्डुलिपि उपलब्ध होती है। कुछ अन्यतर अनुपलब्ध ग्रन्थों में वरांग-चरित (तेजपाल) वसुधर चरिउ (श्री भूषण), सम्यक्त्व कौमुदी (हरिसिंह); णेमिणाह चरिउ (दामोदर), जगरूपविलास

---

१. Dr. P. C. Jain, JAIN GRANTH BHANDARS IN JAIPUR AND NAGAUR P, 118.

(जगरूप कवि), कृपण पच्चीसी (कल्ह), सरस्वती-लक्ष्मी संवाद (श्री भूषण), क्रियाकोश (सुखदेव) आदि के नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

भट्टारक परम्परा—

नागौर की परम्परा में निम्न भट्टारक हुए[1]—

(१) भट्टारक रत्नकीर्ति—संवत् १५८१
(२) भट्टारक भुवनकीर्ति—संवत् १५८६
(३) भट्टारक धर्मकीर्ति[2]—संवत् १५९०
(४) भट्टारक विशालकीर्ति—संवत् १६०१
(५) भट्टारक लक्ष्मीचन्द्र—संवत् १६११
(६ भट्टारक सहस्त्रकीर्ति—संवत् १६३१
(७) भट्टारक नेमिचन्द्र—सवत् १६५०
(८) भट्टारक यशःकीर्ति—संवत् १६७२
(९) भट्टारक भानुकीर्ति—संवत् १६९०
(१०) भट्टारक श्रीभूषण—संवत् १७०५
(११) भट्टारक धर्मचन्द्र—संवत् १७१२
(१२) भट्टारक देवेन्द्रकीर्ति प्रथम—संवत् १७२७
(१३) भट्टारक सुरेन्द्रकीर्ति - सवत् १७३८
(१४) भट्टारक रत्नकीर्ति द्वितीय
(१५) भट्टारक ज्ञानभूषण
(१६) भट्टारक चन्द्रकीर्ति
(१७) भट्टारक पद्मनन्दि
(१८) भट्टारक सकलभूषण
(१९) भट्टारक सहस्त्रकीर्ति
(२०) भट्टारक अनन्तकीर्ति
(२१) भट्टारक हर्षकीर्ति

---

१. (क) नागौर ग्रन्थ भण्डार में उपलब्ध भट्टारक पट्टावली के आधार पर।
(ख) डॉ० जोहरापुरकर-भट्टारक सम्प्रदाय पृष्ठ-१२४-२५

२. डॉ० कासलीवाल ने अपनी पुस्तक शाकम्भरी प्रदेश के सांस्कृतिक विकास में जैन-धर्म का योगदान में "भुवनकीर्ति" नाम दिया है।

(२२) भट्टारक विद्याभूषण

(२३) भट्टारक हेमकीर्ति

(२४) भट्टारक क्षेमेन्द्रकीर्ति

(२५) भट्टारक मुनीन्द्रकीर्ति

(२६) भट्टारक कनककीर्ति

(२७) भट्टारक देवेन्द्रकीर्ति

भट्टारक देवेन्द्रकीर्ति नागौर गादी के अन्तिम भट्टारक हुए हैं। नागौर गादी का नागपुर, अमरावती, अजमेर आदि नगरों से भी सम्बन्ध रहा है। भट्टारक देवेन्द्रकीर्ति के पश्चात् नागौर ग्रन्थ भण्डार बन्द पड़ा रहा। अनेक वर्षों के बाद पं० सतीशचन्द्र तथा यतीन्द्र कुमार शास्त्री ने ग्रन्थ सूची निर्माण एवं प्रकाशन का कार्य अपने हाथों में लिया था परन्तु किन्हीं कारणों से वे इसे पूरा नहीं कर पाये।

ग्रन्थ सूचीको अधिकाधिक उपयोगी बनाने के लिए अन्त में तीन परिशिष्ट दिये गये हैं। प्रथम में कतिपय अज्ञात एवं अप्रकाशित महत्त्वपूर्ण रचनाओं की नामावली दी गई है। ये रचनायें काव्य, पुराण, चरित, नाटक, रास एवं अलंकार, अर्थशास्त्र इतिहास आदि सभी विषयों से सम्बन्धित हैं। इनमें से बहुत सी रचनायें तो ऐसी हैं जो संभवतः सर्व प्रथम विद्वानों के समक्ष आयीं होंगी। इनमें से अपभ्रंश भाषा के ग्रन्थों में जिनपूजा पुरन्दर विधान (अमरकीर्ति), नायकुमार चरिउ (पुष्पदन्त), नारायण पृच्छा जयमाल, बाहुबली पाथड़ी, भविष्यदत्त चरिउ (पं० धनपाल), प्राकृत के ग्रन्थों में जयति हुआण (अभयदेव सूरि), चौबीस दण्डक (गजसार), वनस्पति सत्तरी (मुनिचन्द्र सूरि), संस्कृत के ग्रन्थों में— आत्मानुशासन (पार्श्वनाग), आराधना कथा कोश (सिंहनन्दि), आलाप पद्धति (कवि विष्णु) आशाधराष्टक (शुभचन्द्र सूरि), कुमारसम्भव सटीक (टीकाकार पं० लाल्लू), मूलसंघागरिण (रत्नकीर्ति), योग शतक (विदग्ध वैद्य), रत्न परीक्षा (चण्डेश्वर सेठ), वाक्य प्रकाश सूत्र सटीक (दामोदर), सम्यक्त्व कौमुदी (कवि यशः सेन), सुगन्ध दशमी कथा (ब्रह्म जिनदास), हेमकथा (रत्नामणि), तथा हिन्दी के ग्रन्थों में इन्द्रधनुचित हुलास आरती (रुचीरग), लूदीप भाषा (भूवानीदास), त्रेपठ शलाका पुरुष चौपई (पं० जिनमति), प्रथम बखाण, रत्नचूड़रास (यशः कीर्ति), रामाज्ञा (तुलसीदास), बार पच्चीसी (ब्रह्म गलाल), हरिश्चन्द्र चौपई (ब्रह्म वेणिदास), आदि के नाम उल्लेखनीय हैं।

ग्रन्थ-सूची के सम्बन्ध में—

ग्रन्थ सूचियों के निर्माण में कई कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। प्रत्येक पाण्डु-लिपि को सावधानी के साथ पढ़कर, ग्रन्थ, ग्रन्थकार, रचना-संवत्, लिपि-संवत्, रचना स्थल, लिपि स्थल, विषयादि कई बातों का पता लगाना होता है। कभी कभी एक ही पन्ने में एकाधिक रचनाएं भी मिलती हैं। थोड़ी सी भी प्रमाद की स्थिति, लिपि की अस्पष्टता व लिपि-पढ़ने की लापरवाही से अनेक भ्रान्तियों व अशुद्धियों की परम्परा चल पड़ती है। कभी लिपिकार को रचनाकार और कभी रचनाकार को लिपिकार समझ लिया जाता है। इसी तरह कभी लिपि-संवत् को रचना-संवत् समझ लिया जाता है।

रचना के अन्त में दी गई प्रशस्तियों का ऐतिहासिक दृष्टि से बड़ा महत्त्व होता है। ये प्रशस्तियाँ दो प्रकार की होती हैं–पहली स्वयं लेखक द्वारा लिखी हुई तथा दूसरी लिपिकारों द्वारा लिखी हुई। ये दोनों ही प्रामाणिक होती हैं, और इनकी प्रामाणिकता में कभी शंका भी नहीं की जा सकती। ऐसा प्रतीत होता है कि इन ग्रन्थकारों एवं लिपिकारों ने इतिहास के महत्त्व को बहुत पहले ही समझ लिया था, शायद इसलिए ही ग्रन्थ लिखवाने वाले श्रावकों का, उनकी गुरु-परम्रा तथा तत्कालीन सम्राट् अथवा शासक के नाम्मोल्लेख के साथ-साथ उनके नगर का भी उल्लेख किया जाता था। इनमें ग्रन्थ, ग्रन्थकार, रचना-संवत्, लिपि-संवत्, लिपिकार, लिपिस्थल आदि की भी बहुमूल्य सूचनाएं मिलती हैं। साहित्य के इतिहास लेखन में इन सूचनाओं का बड़ा महत्त्व होता है।

प्रत्येक रचना से सम्बन्धित ऊपर लिखित जानकारी प्राप्त कर लेने के बाद समग्र रचनाओं को वर्गीकृत करना पड़ता है। वर्गीकरण का यह कार्य जितना सरल दिखाई देता है, वह उतना ही दूरुह भी है। कई विषय और काव्य–रूप अन्य विषयों और काव्य–रूपों से इस तरह मिले दिखाई देते हैं कि उनको अलग-अलग वर्गों में बाँटना बड़ा मुश्किल हो जाता है। इसका एक कारण तो यह है कि जैन-साहित्यकारों ने काव्य-रूपों के क्षेत्र में नानाविध नये-नये प्रयोग किये। एक ही चरित्र व कथा को भिन्न-भिन्न रूपों में वर्णित किया। उन्होंने प्रचलित सामान्य काव्य–रूपों को हुबहु स्वीकार न कर उनमें व्यापकता, लौकिकता और सहजता का रंग भरा। संगीत को शास्त्रीयता से मुक्त कर विभिन्न प्रकार की लोकदेशियों को अपनाया। आचार्यों द्वारा प्रतिपादित प्रबन्ध-मुक्तक की चली आती हुई काव्य परम्परा के बीच काव्य रूपों के कई नये नये स्तर निर्मित किये। साथ ही काव्य विषय की दृष्टि से भी उन्हें नयी भाव-भूमि और मौलिक अर्थवत्ता दी। उदाहरण के लिए वेलि, बारहमासा, विवाहलो, रासो, चौपई संज्ञक विभिन्न काव्यों व रूपों का परिक्षण किया जा सकता है।

इस ग्रन्थ-सूची में समाविष्ट हस्तलिखित ग्रन्थों को २२ विषयों में विभाजित किया गया है। ये विषय क्रमशः इस प्रकार हैं—(१) अध्यात्म, आगम, सिद्धान्त एवं चर्चा, (२) आयुर्वेद (३) उपदेश एवं सुभाषितावली, (४) कथा, (५) काव्य, (६) कोश, (७) चरित्र (८) सचित्र ग्रन्थ, (९) छन्द एवं अलंकार, (१०) ज्योतिष: (११) न्यायशास्त्र, (१२) नाटक एवं संगीत,

ग्रन्थसूची के इस भाग में करीव दो हजार ग्रन्थों का विवरणात्मक परिचय प्रस्तुत किया गया है। इसमें यदि कोई कमी रह गयी हो अथवा लेखक का नाम, लिपिकाल, रचनाकाल आदि के देने में कोई अशुद्धि रह गयी हो तो पाठक विद्वान् हमें सूचित करने का कष्ट करेंगें, जिससे भविष्य के लिए उन पर ध्यान रखा जा सके। नागौर का परिचय जब मैं प्रथम वार ग्रन्थ भण्डार देखनें के लिए गया था तव श्री मदनलालजी जैन के साथ पूरे नागौर का भ्रमण किया था, तव उन्हीं जैन सा० के माध्यम से तथा वहाँ प्रचलित किंवदन्तियों लेखों तथा शिला-लेखों के आधार पर ही दिया है। इस सूची के आधार पर साहित्य एवं इतिहास के कितने ही नए तथ्य उद्घाटित हो सकेगें तथा राजस्थान के कितने ही विद्वानों, श्रावकों, शासकों एवं नगरों के सम्वन्ध में नवीन जानकारी मिल सकेगी।

आभार—

मैं सर्वप्रथम जैन अनुशीलन केन्द्र के निदेशक प्रो० रामचन्द्र द्विवेदी का आभारी हूँ जिन्होंने ग्रन्थ-सूची के इस भाग को प्रकाशित करवाकर साहित्य जगत् का महान् उपकार किया है। जैन अनुशीलन केन्द्र द्वारा साहित्य-शोध, साहित्य-प्रकाशन एवं हस्तलिखित ग्रन्थों के सूचीकरण के क्षेत्र में जो महत्त्वपूर्ण कार्य किया है, व किया जा रहा है वह अत्यधिक प्रशंसनीय एवं श्लाघनीय है। आशा है भविष्य में साहित्य प्रकाशन के कार्य को और भी प्राथमिकता मिलेगी।

ग्रन्थ-सूची के इस भाग के स्वरूप एवं रूपरेखा आदि के निखारने में जिन विद्वानों का परामर्श एवं प्रोत्साहन मिला है उनमें प्रमुख हैं—प्रो० रामचन्द्र द्विवेदी (जयपुर) प्रो० गोपीनाथ शर्मा (उदयपुर), प्रो० सुधीरकुमार गुप्त (जयपुर), प्रो० के० सी० जैन (उज्जैन), डॉ० कस्तुरचन्द कासलीवाल एवं पं० अनुपचन्द न्यायतीर्थ (जयपुर)। इन सबके सहयोग के लिए मैं आभारी हूँ और कृतज्ञ हूँ।

भट्टारकीय दिगम्बर जैन ग्रन्थ भण्डार नागौर के उन सभी व्यवस्थापकों का आभारी हूँ जिन्होंने अपने यहाँ स्थित शास्त्र-भण्डार की ग्रन्थ-सूची बनाने में मुझे पूर्ण सहयोग दिया। वास्तव में यदि उनका सहयोग नहीं मिलता तो मैं इस कार्य में प्रगति नहीं कर सकता था। ऐसे व्यवस्थापक महानुभावों में श्री पन्नालाल जी चान्दवाड़, श्री डुंगरमलजी जैन, श्री जीवराज जी जैन, श्री शिखरीलाल जी जैन एवं श्री मदनलाल जी जैन आदि सज्जनों के नाम विशेषतः उल्लेखनीय हैं, इन सबका मैं हृदय से आभारी हूँ।

प्रेस कापी बनाने, अनुक्रमणिका तैयार करने व प्रूफ आदि में सहधर्मिणी स्नेहमयी चन्द्रकला जैन बी० ए० एलएल० बी० ने जो सहयोग दिया उसके लिए धन्यवाद देकर मैं उनके गौरव को कम नहीं करना चाहता।

अन्त में पुस्तक के प्रकाशन की व्यवस्था आदि में केन्द्र के सक्रिय निदेशक प्रो० द्विवेदी एवं कपूर आर्ट प्रिन्टर्स जयपुर के प्रवन्धकों का जो सहयोग मिला है उसके लिए मैं इन सबका हृदय से आभारी हूँ।

डॉ० प्रेमचन्द जैन

२१५१ हैदरी भवन,

मणिहारों का रास्ता, जयपुर-३

दि० १५-६-८१

भट्टारकीय ग्रन्थ भण्डार नागौर में संकलित

ग्रन्थों की सूची

विषय—अध्यात्म, आगम, सिद्धान्त एवं चर्चा

१. अनन्त वर्णन— X । देशी कागज । पत्र संख्या-१ । आकार-९" × ४ १/२" । दशा-जीर्ण । पूर्ण । भाषा-हिन्दी । लिपि-नागरी । विषय—सिद्धान्त । ग्रन्थ संख्या—२५७२ । रचना काल— X । लिपिकाल— X ।

२ अष्टोत्तरी शतक—पं० भगवतीदास । देशी कागज । पत्र संख्या-३३ । आकार-१०" × ६" । दशा-सामान्य । पूर्ण । भाषा-हिन्दी । लिपि-नागरी । विषय-सिद्धान्त । ग्रन्थ संख्या २२६५ । रचनाकाल-X । लिपिकाल-X ।

३. आगम — X । देशी कागज । पत्र संख्या-२० । आकार-१०" ३/४ × ४ ३/४" । दशा-जीर्ण । पूर्ण । भाषा-प्राकृत एवं संस्कृत । लिपि-नागरी । विषय-अध्यात्म । ग्रन्थ संख्या-१३७४ । रचनाकाल-X । लिपिकाल-ज्येष्ठ सुदी १ मंगलवार, सं० १६५६ ।

४. आठ कर्म प्रकृति विचार— X । देशी कागज । पत्र संख्या-३१ । आकार—११ ३/४" × ६ १/४" । दशा-सामान्य । पूर्ण । भाषा-हिन्दी । लिपि-नागरी । विषय-सिद्धान्त । ग्रन्थ संख्या-२६३६ । रचना काल-X । लिपिकाल-X ।

५. आप्त मीमांसा वचनिका-समन्तभद्र । वचनिकाकार-जयचन्द छाबड़ा । देशी कागज । पत्र संख्या-६६ । आकार-१०" × ४ ३/४" । दशा-सामान्य । पूर्ण । भाषा-हिन्दी एवं संस्कृत । लिपि-नागरी । विषय-सिद्धान्त । रचनाकाल-X । वचनिका रचनाकाल-चैत्र कृष्णा १४ सं० १८६६ । लिपिकाल-फाल्गुन शुक्ला २, सं० १९३३ ।

६. आत्म सम्बोध काव्य-रयधू । देशी कागज । पत्र संख्या-२९ । आकार-११" × ५ १/४" । दशा-जीर्ण । पूर्ण । भाषा-अपभ्रंश । लिपि-नागरी । विषय-अध्यात्म । ग्रन्थ संख्या X । रचनाकाल-X । लिपिकाल-X ।

७. प्रति संख्या २ । पत्र संख्या-२५ । आकार-११ १/२" × ४ ३/४" । दशा-जीर्ण । पूर्ण । ग्रन्थ संख्या-१०२४ । रचनाकाल-X । लिपिकाल-X ।

८. प्रति संख्या ३ । पत्र संख्या-२७ । आकार-१० १/२" × ४ १/२" । दशा-जीर्ण । पूर्ण । ग्रन्थ संख्या-१०२३ । रचनाकाल-X । लिपिकाल-फाल्गुन सुदी १० बुधवार, सं० १६२६ ।

९. आत्मानुशासन—गुणभद्राचार्य । देशी कागज । पत्र संख्या-४९ । आकार—१० ३/४" × ४ १/२" । दशा-सामान्य । पूर्ण । भाषा-संस्कृत । लिपि-नागरी । विषय-अध्यात्म । ग्रन्थ संख्या-११३८ । रचनाकाल-X । लिपिकाल-कार्तिक शुक्ला १४ सोमवार, सं० १९१२ ।

१०. प्रति संख्या २ । पत्र संख्या २७ । आकार–११×"४½" । दशा जीर्ण । पूर्ण । ग्रन्थ संख्या १४०५ । रचनालाल–× । लिपिकाल–चैत्र शुक्ला १२ सोमवार, सं० १७४२ ।

११. प्रति संख्या ३ । पत्र संख्या–४६ । आकार–१०½"×४¾" । दशा–जीर्ण । पूर्ण । ग्रन्थ संख्या–१३७६ । रचनाकाल–× । लिपिकाल–फाल्गुन शुक्ला १० शनिवार, सं० १६२८ ।

१२ प्रति संख्या ४ । पत्र संख्या–३८ । आकार–११"×४½" । दशा–अतिजीर्ण । पूर्ण । ग्रन्थ संख्या–११८६ । रचनाकाल–× । लिपिकाल–कार्तिक कृष्णा ६, मंगलवार, सं० १६०५ ।

विशेष—लिपिकार ने पूर्ण प्रशस्ति लिखि है ।

१३. प्रति संख्या–५ । पत्र संख्या–२७ । आकार–१०½"×४¾" । दशा–जीर्ण । पूर्ण । ग्रन्थ संख्या–२७०६ । रचनाकाल–× । लिपिकाल ।

१४. आत्मानुशासन सटीक—गुणभद्राचार्य । टीकाकार–× । देशी कागज । पत्र संख्या–५० आकार–११½"×४¾" । दशा–जीर्ण । पूर्ण । भाषा–संस्कृत । लिपि–नागरी । विषय–अध्यात्म । ग्रन्थ संख्या–२५३२ । रचनाकाल–× । लिपिकाल–× ।

१५. प्रति संख्या २ । पत्र संख्या–७५ । आकार–१०½"×४¾" । दशा–अतिजीर्ण । पूर्ण । ग्रन्थ संख्या–१४०६ । रचनाकाल–× । लिपिकाल–भाद्रपद शुक्ला १०, सं० १६१८ ।

१६. प्रति संख्या ३ । पत्र संख्या–६८ । आकार–११"×७¾" । दशा–अच्छी । पूर्ण । ग्रन्थ संख्या–२३६८ । रचनाकाल–× । लिपिकाल–भाद्रपद शुक्ला १४ शुक्रवार, सं० १८५३ ।

१७. आत्मानुशासन सटीक—गुण र्य । टीकाकार–टोडरमल । देशीकागज । पत्र संख्या–१३६ । आकार–१२½"×६½" । दशा–सामान्य । पूर्ण । भाषा–हिन्दी । लिपि–नागरी । विषय–अध्यात्म । ग्रन्थ संख्या–११२७ । रचनाकाल–× । लिपिकाल–आषाढ़ कृष्णा ८, शुक्रवार, सं० १८६८ ।

१८. आत्मानुशासन टीका—पं० प्रभाचन्द्राचार्य । देशी कागज । पत्र संख्या–२६ । आकार ११½"×6" । दशा–सामान्य । पूर्ण । भाषा–संस्कृत । लिपि–नागरी । ग्रन्थ संख्या–१८०५ । रचनाकाल–× । लिपिकाल–माघ शुक्ला ४, सं० १८५६ ।

आदि भाग :—

वीरं प्रणम्य भववारिनिधिप्रपोप मुद्योतिताऽखिल पदार्थमनल्पपुण्यम् ।
निर्वाणमार्गमनवद्यगुणप्रबन्धमात्मानुशासनमहं प्रवरं प्रवक्ष्ये ॥

वृहद्धर्मभ्रातुल्लोकसेनस्य विषयव्यामुग्ध बुद्धेः संबोधन व्याजेन सर्वोपकारकं सन्मार्गमुपदर्शयितुकामो गुणभद्र देवो निर्विघ्नतः शास्त्र परिसमाप्त्यादिकं फलमभिलषन्नभिष्ट देवताविशेषं नमस्कुर्वाणो लक्ष्मीत्याद्याह

दशा–अच्छी। पूर्ण। भाषा–हिन्दी। लिपि–नागरी। विषय–सिद्धान्त। ग्रन्थ संख्या–२७०७। रचनाकाल–×। लिपिकाल–×।

४२. **अंक गर्भ खण्डारचक्र—देवनन्दि**। देशी कागज। पत्र संख्या–४। आकार–$११\frac{१}{२}$×५। दशा–जीर्ण। पूर्ण। भाषा–संस्कृत। लिपि–नागरी। विषय–सिद्धान्त। ग्रन्थ संख्या–२३४३। रचनाकाल–×। लिपिकाल–×।

४३. **प्रति संख्या** २। पत्र संख्या–४। आकार–$११\frac{३}{४}$"×$५\frac{१}{२}$"। दशा–जीर्ण। पूर्ण। ग्रन्थ संख्या–२४५२। रचनाकाल–×। लिपिकाल–×।

४४. **प्रति संख्या** ३। पत्र संख्या–४। आकार–$१०\frac{१}{२}$"×५"। दशा–जीर्ण। पूर्ण। ग्रन्थ संख्या–२०७५। रचनाकाल–×। लिपिकाल–×।

४५. **प्रति संख्या** ४। पत्र संख्या–४। आकार–१२"×५"। दशा–अतिजीर्ण। पूर्ण। ग्रन्थ संख्या–२०३४। रचनाकाल–×। लिपिकाल–चैत्र कृष्णा ३, सं० १७९७।

४६. **अंक प्रमाण**–×। देशी कागज। पत्र संख्या–३। आकार–१०"×$४\frac{१}{२}$"। दशा–जीर्ण क्षीण। पूर्ण। भाषा–प्राकृत और हिन्दी। लिपि–नागरी। विषय–सिद्धान्त। ग्रन्थ संख्या–१६३१। रचनाकाल–×। लिपिकाल–×।

४७. **कर्मकाण्ड सटीक**–×। **टीकाकार–पं० हेमराज**। देशी कागज। पत्र संख्या–५०। आकार–$१०\frac{१}{२}$"×$५\frac{३}{४}$"। दशा–जीर्ण। पूर्ण। भाषा–प्राकृत। टीका हिन्दी में। लिपि–नागरी। विषय–सिद्धान्त। ग्रन्थ संख्या–१३५९। रचनाकाल–×। लिपिकाल–अश्विन शुक्ला ५, सं० १८४८।

४८. **प्रति संख्या** २। पत्र संख्या–३१। आकार–$१०\frac{१}{२}$"×$६\frac{१}{४}$"। दशा–जीर्ण। पूर्ण। ग्रन्थ संख्या–१९५४। रचनाकाल–×। लिपिकाल–×।

४९. **प्रति संख्या** ३। पत्र संख्या–४४। आकार–$१२\frac{१}{२}$"×$५\frac{१}{२}$"। दशा–अच्छी। पूर्ण। ग्रन्थ संख्या–२५८५। रचनाकाल–×। टीकाकाल–×। लिपिकाल–फाल्गुन शुक्ला ६, सोमवार, सं० १७९४।

५०. **कर्म प्रकृति—सि० च० नेमिचन्द्र**। देशी कागज। पत्र संख्या–१०। आकार–$१०\frac{१}{२}$"×$४\frac{१}{२}$"। दशा–अतिजीर्ण क्षीण। पूर्ण। भाषा–प्राकृत। लिपि–नागरी। ग्रन्थ संख्या–१०२८। रचनाकाल–×। लिपिकाल–×।

५१. **प्रति संख्या** २। पत्र संख्या–१६। आकार–११"×$५\frac{१}{२}$"। दशा–अतिजीर्ण। पूर्ण। ग्रन्थ संख्या–१९७७। रचनाकाल–×। लिपिकाल–×।

५२. **प्रति संख्या** ३। पत्र संख्या–६। आकार–$११\frac{३}{४}$"×६"। दशा–सामान्य। पूर्ण। ग्रन्थ संख्या–१८३२। रचनाकाल–×। लिपिकाल–माघ कृष्णा ५, सं० १८२२।

५३. **प्रति संख्या** ४। पत्र संख्या–२०। आकार–$१०\frac{१}{२}$"×$४\frac{१}{२}$"। दशा–अतिजीर्ण। पूर्ण। ग्रन्थ संख्या–१५७४। रचनाकाल–×। लिपिकाल–×।

५४. प्रति संख्या ५। पत्र संख्या–२०। आकार–१०½"×४½"। दशा–अतिजीर्ण। पूर्ण। ग्रन्थ संख्या–१२८८। रचनाकाल–×। लिपिकाल–×।

५५. प्रति संख्या ६। पत्र संख्या–१७। आकार–११¼"×५"। दशा–जीर्ण। पूर्ण। ग्रन्थ संख्या–२०९९। रचनाकाल–×। लिपिकाल–आश्विन शुक्ला १३, सं० १६५६।

विशेष—यह जोबनेर में लिखा गया है।

५६. प्रति संख्या ७। पत्र संख्या–१६। आकार–१०¼"×४½"। दशा–जीर्ण। पूर्ण। ग्रन्थ संख्या–२०९८। रचनाकाल–×। लिपिकाल–सं० १६१४।

५७. प्रति संख्या ८। पत्र संख्या–१०। आकार–१०"×४¾"। दशा–अच्छी। पूर्ण। ग्रन्थ संख्या–२२५६। रचनाकाल–×। लिपिकाल–×।

५८. कर्म प्रकृति सार्थ—सि० च० नेमिचन्द्र। अर्थकार–×। देशी कागज। पत्र संख्या–२२। आकार–११"×५¼"। दशा–जीर्ण। पूर्ण। भाषा–प्राकृत एवं संस्कृत। लिपि–नागरी। विषय–सिद्धान्त। ग्रन्थ संख्या–२३९५। रचनाकाल–×। लिपिकाल।

५९. प्रति संख्या २। पत्र संख्या–४०। आकार–१०½"×५"। दशा–अतिजीर्ण। पूर्ण। ग्रन्थ संख्या–२५३८। रचनाकाल–×। लिपिकाल–×।

६०. प्रति संख्या ३। पत्र संख्या–११। आकार–१२¾"×५¾"। दशा–अतिजीर्ण। पूर्ण। ग्रन्थ संख्या–२०९३। रचनाकाल–×। लिपिकाल–चैत्र कृष्णा ६, शुक्रवार, सं० १७९३।

६१. प्रति संख्या ४। पत्र संख्या–२३। आकार–११½"×४¾"। दशा–अतिजीर्ण। पूर्ण। ग्रन्थ संख्या–२५१६। रचनाकाल–×। लिपिकाल–मंगशीर्ष शुक्ला ३, सं० १८२२।

विशेष—सं० १७२७ मंगशीर्ष शुक्ला १४, मंगलवार को महाराष्ट्र में श्री महाराज रघुनाथसिंह के राज्य में प्रति का संशोधन किया गया।

६२. प्रति संख्या ५। पत्र संख्या–२५। आकार–११½"×५¾"। दशा–जीर्ण। पूर्ण। ग्रन्थ संख्या–२३४७। रचनाकाल–×। लिपिकाल–×।

६३. प्रति संख्या ६। पत्र संख्या–१९। आकार–१२¾"×५¾"। दशा–सामान्य। पूर्ण। ग्रन्थ संख्या–१९५८। रचनाकाल–×। लिपिकाल–×।

६४. प्रति संख्या ७। पत्र संख्या–१२। आकार–१०½"×४½"। दशा–अतिजीर्ण। पूर्ण। ग्रन्थ संख्या–१४९९। रचनाकाल–×। लिपिकाल–×।

६५. कर्म प्रकृति सूत्र भाषा–×। देशी कागज। पत्र संख्या–७१। आकार–९¾"×५¼"। दशा–सामान्य। पूर्ण। भाषा–हिन्दी। लिपि–नागरी। विषय–सिद्धान्त। ग्रन्थ संख्या–१६०१। रचनाकाल–×। लिपिकाल–ज्येष्ठ शुक्ला १, मंगलवार, सं० १८२८।

६६. प्रति संख्या २। पत्र संख्या–१५९। आकार–१०½"×४½"। दशा–प्राचीन। पूर्ण। ग्रन्थ संख्या–२८०१। रचनाकाल–×। लिपिकाल–मंगशीर्ष शुक्ला २, बुधवार, सं० १६९१।

७८. प्रति संख्या २। पत्र संख्या–१५। आकार–१६"×६"। दशा–अतिजीर्ण क्षीण। पूर्ण। ग्रन्थ संख्या–२६०६। रचनाकाल–×। लिपिकाल–फाल्गुन शुक्ला ११, सं० १६३६।

नोट—ग्रन्थ के पत्र आपस में चिपके हुए हैं। इसकी कालाडेरा जयपुर में लिपि की गई।

७९. प्रति संख्या ३। पत्र संख्या–१८। आकार–११"×५"। दशा–जीर्ण। पूर्ण। ग्रन्थ संख्या–२४६०। रचनाकाल–×। लिपिकाल–×।

८०. **गोम्मटसार सटीक—सि० च० नेमिचन्द्र।** टीकाकार–×। देशी कागज। पत्र संख्या–३४। आकार–११"×४$\frac{5}{8}$"। दशा–अच्छी। पूर्ण। भाषा–प्राकृत एवं संस्कृत। लिपि–नागरी। विषय–सिद्धान्त। ग्रन्थ संख्या–२८३५। रचनाकाल–×। लिपिकाल–×।

८१. **गोम्मट सार (जीवकाण्ड मात्र)—सि० च० नेमिचन्द्र।** देशी कागज। पत्र संख्या–७१। आकार–११"×४$\frac{1}{2}$"। दशा–अच्छी। पूर्ण। भाषा–प्राकृत एवं संस्कृत। लिपि–नागरी। विषय–सिद्धान्त। ग्रन्थ संख्या–२५६६। रचनाकाल–×। लिपिकाल–कार्तिक कृष्णा १० सोमवार, सं० १५१८।

८२. **गोम्मटसार सटीक—सि० च० नेमिचन्द्र। टीका–अज्ञात।** देशीकागज। पत्र संख्या–२६०। आकार–१२"×४$\frac{3}{8}$"। दशा–अच्छी। पूर्ण। भाषा–प्राकृत और संस्कृत। लिपि–नागरी। विषय–सिद्धान्त। ग्रन्थ संख्या–१५७५। रचनाकाल–×। लिपिकाल–आषाढ़ कृष्णा २ वृहस्पतिवार, सं० १६५६।

८३. **गोम्मटसार भाषा–सि० च० नेमिचन्द्र। भाषाकार–महापण्डित टोडरमल।** देशी कागज। पत्र संख्या–१०२६। आकार–१४$\frac{1}{2}$"×८$\frac{1}{2}$"। दशा–अच्छी। पूर्ण। भाषा–राजस्थानी (ढूंढारी)। लिपि–नागरी। विषय–सिद्धान्त। ग्रन्थ संख्या–२६२२। रचनाकाल–×। लिपिकाल—×।

विशेष—नागौर गादी के भट्टारक १०८ श्री मुनीन्द्रकीर्तिजी ने "निसरावल" मूल्य देकर इस ग्रन्थ को स० १९१९ माघ शुक्ला ५ को लिया है। भाषाकार ने लिखा है कि जीव तत्त्व प्रदीपिका संस्खृत टीका के अनुसार भाषा की गई है। टीका का नाम "सम्यज्ञान चन्द्रिका टीका" है। वचनिकाकार श्री पं० टोडरमलजी जयपुर निवासी ने अन्त में लिखा है कि लब्धिसार और क्षपणसार शास्त्रों का व्याख्यान भी आवश्यकतानुसार मिला दिया गया है। अक्षर मोटे एवं सुन्दर हैं।

८४. **चक्रवर्ती ऋद्धि वर्णन–×।** देशी कागज। पत्र संख्या–१। आकार–९$\frac{1}{2}$"×४$\frac{3}{4}$"। दशा–जीर्ण। पूर्ण। भाषा–हिन्दी। लिपि–नागरी। विषय–अध्यात्म। ग्रन्थ संख्या–२२७५। रचनाकाल–×। लिपिकाल–×।

८५. **चतुर्दश गुणस्थान चर्चा—सि० च० नेमिचन्द्र।** देशी कागज। पत्र संख्या–१५। आकार–८"×४$\frac{3}{8}$"। दशा–अच्छी। पूर्ण। भाषा–प्राकृत एवं संस्कृत। लिपि–नागरी। विषय–सिद्धान्त। ग्रन्थ संख्या–१७८२। रचनाकाल–×। लिपिकाल–कार्तिक कृष्णा १, सं० १९४३।

८६. **चतुर्दश गुणस्थान व्याख्यान—×।** देशी कागज। पत्र संख्या–४। आकार—१०$\frac{5}{8}$"×५"। दशा–प्राचीन। पूर्ण। भाषा–प्राकृत एवं संस्कृत। लिपि–नागरी। विषय–सिद्धान्त।

ग्रन्थ संख्या–२५६७ । रचनाकाल–× । लिपिकाल–× ।

८७. चतुर्विंशति स्थानक चर्चा—सि० च० नेमिचन्द्र । देशी कागज । पत्र संख्या–२० । आकार–१२ १/२"×५ १/२" । दशा–अच्छी । पूर्ण । भाषा–प्राकृत । लिपि–नागरी । विषय–सिद्धान्त । ग्रन्थ संख्या–१२४३ । रचनाकाल–× । लिपिकाल–आषाढ़ शुक्ला ११, सं० १८०० ।

८८. चतुर्विंशति स्थानक—सि० च० नेमिचन्द्र । देशी कागज । पत्र संख्या—२९ । आकार–१० १/२"×५" । दशा–अच्छी । पूर्ण । भाषा–प्राकृत । लिपि–नागरी । विषय–सिद्धान्त । ग्रन्थ संख्या–२३४४ । रचनाकाल–× । लिपिकाल–मंगशीर्ष कृष्णा २, सं० १८७८ ।

८९. प्रति संख्या २ । पत्र संख्या–४२ । आकार–११"×४ १/२" । दशा–सामान्य । पूर्ण । ग्रन्थ संख्या–१०८० । रचनाकाल–× । लिपिकाल–प्रथम ज्येष्ठ शुक्ला १, सं० १८७७ ।

९०. चतुस्त्रिशंद भावना—मुनि पद्मनन्दि । देशी कागज । पत्र संख्या–७ । आकार–११ ३/४"×४ ३/४" । दशा–जीर्ण । पूर्ण । भाषा–संस्कृत । लिपि–नागरी । ग्रन्थ संख्या–१४२२ । रचनाकाल–× । लिपिकाल–× ।

९१. चरचा पत्र—संकलित । देशी कागज । पत्र संख्या–३ । आकार–११"×४ १/२" । दशा–जीर्ण । पूर्ण । भाषा–हिन्दी । लिपि–नागरी । विषय–सिद्धान्त । ग्रन्थ संख्या–२१३९ । रचनाकाल–× । लिपिकाल–× ।

९२. चरचा पत्र–× । देशी कागज । पत्र संख्या–६ । आकार–८ ३/४"×४" । दशा–अच्छी । पूर्ण । भाषा–संस्कृत । लिपि–नागरी । विषय–सिद्धान्त । ग्रन्थ संख्या–२१३४ । रचनाकाल–× । लिपिकाल–× ।

९३. चरचा पत्र–× । देशी कागज । पत्र संख्या–४३ । आकार–१२ ३/४"×५ ३/४" । दशा–अच्छी । पूर्ण । भाषा–हिन्दी । लिपि–नागरी । विषय–सिद्धान्त । ग्रन्थ संख्या–२७५७ । रचनाकाल–× । लिपिकाल–× ।

९४. चर्चायें—× । देशी कागज । पत्र संख्या–५९ । आकार–११ १/२"×५ १/२" । दशा–अच्छी । पूर्ण । भाषा–प्राकृत एवं हिन्दी । लिपि–नागरी । विषय–चर्चा । ग्रन्थ संख्या–१२७८ । रचनाकाल–× । लिपिकाल–× ।

९५. चर्चा तथा शील की नवबाटी–× । देशी कागज । पत्र संख्या–१ । आकार–१२"×५ १/२" । दशा–अच्छी । पूर्ण । भाषा–प्राकृत एवं हिन्दी । लिपि–नागरी । विषय–सिद्धान्त । ग्रन्थ संख्या–१९६३ । रचनाकाल–× । लिपिकाल–× ।

९६. चरचा शतक (सटीक)—पं० द्यानतराय । टीकाकार–हरजीमल । देशी कागज । पत्र संख्या–५२ । आकार–१२ १/२"×८ १/४" । दशा–अच्छी । पूर्ण । भाषा–हिन्दी । लिपि–नागरी । विषय–सिद्धान्त । ग्रन्थ संख्या–२५०१ । रचनाकाल–× । लिपिकाल–कार्तिक कृष्णा ३, बुधवार, सं० १९२८ ।

९७. प्रति संख्या २ । पत्र संख्या–८२ । आकार–१३"×८ १/२" । दशा–अच्छी । पूर्ण । ग्रन्थ संख्या–१५३८ । रचनाकाल–× । लिपिकाल–वैशाख कृष्णा ७, मंगलवार, सं० १९१० ।

९८. **प्रति संख्या ३** । पत्र संख्या–४७ । आकार–१२$\frac{3}{4}$"×८$\frac{1}{4}$" । दशा–अच्छी । पूर्ण । ग्रन्थ संख्या–१५७७ । रचनाकाल–× । लिपिकाल–× ।

९९. **चरचा शास्त्र**–×। देशी कागज । पत्र संख्या–४५ । आकार–११"×५$\frac{1}{4}$" । दशा–अच्छी । पूर्ण । भाषा–हिन्दी । लिपि–नागरी । विषय–सिद्धान्त । ग्रन्थ संख्या–१६४१ । रचनाकाल–× । लिपिकाल–पोष शुक्ला १, सं० १८९९ ।

१००. **चरचा समाधान—पं० भूधरदास** । देशी कागज । पत्र संख्या–३ से १२६ । आकार–९$\frac{1}{4}$"×५" । दशा–बहुत अच्छी । अपूर्ण । भाषा–प्राकृत और हिन्दी । लिपि–नागरी । विषय–चर्चा एवं सिद्धान्त । ग्रन्थ संख्या–१२७७ । रचनाकाल–माघ शुक्ला ५, सं० १८०६ । लिपिकाल–× ।

१०१. **प्रति संख्या २** । पत्र संख्या–७७ । आकार–१२"×५$\frac{1}{4}$" । दशा–अच्छी । पूर्ण । ग्रन्थ संख्या–१२८१ । रचनाकाल–माघ शुक्ला ५, सं० १८०६ । लिपिकाल–आषाढ़ शुक्ला ४, शुक्रवार, सं० १८३० ।

१०२. **प्रति संख्या ३** । पत्र संख्या–४८ । आकार–१२$\frac{1}{2}$"×५$\frac{3}{4}$" । दशा–अच्छी । पूर्ण । ग्रन्थ संख्या–१२८० । रचनाकाल–सं० १८०६ । लिपिकाल–ज्येष्ठ कृष्णा १२, सं० १८८१ ।

१०३. **चौबीस ठाणा चौपई भाषा—पं० लोहर** । देशी कागज । पत्र संख्या–३५ । आकार–१२$\frac{1}{4}$"×५$\frac{1}{4}$" । दशा–सामान्य । पूर्ण । भाषा–हिन्दी । लिपि–नागरी । विषय–सिद्धान्त । ग्रन्थ संख्या–१७९६ । रचनाकाल–मंगसिर सुदी ५, सं० १७३९ । लिपिकाल–सं० १८५२ ।

टिप्पणी—चौबीस ठाणा के मूलकर्ता सिद्धान्त चक्रवर्ती नेमिचन्द्राचार्य हैं। उस ग्रन्थ के आधार पर ही हिन्दी रूप में पं० लोहर ने रचना की है।

१०४. **प्रति संख्या २** । पत्र संख्या–५६ । आकार–१२$\frac{3}{4}$"×५" । दशा–प्राचीन । पूर्ण । ग्रन्थ संख्या–१५७० । रचनाकाल–मंगसिर सुदी ५, सं० १७३९ । लिपिकाल—अश्विन कृष्णा १, सं० १७६० ।

१०५. **चौबीस ठाणा पिठीका**–× । देशी कागज । पत्र संख्या–८ । आकार—११$\frac{1}{2}$"×५$\frac{1}{4}$" । दशा–जीर्ण । पूर्ण । भाषा–प्राकृत । लिपि–नागरी । विषय–सिद्धान्त । ग्रन्थ संख्या–१७७० । रचनाकाल–× । लिपिकाल–× ।

१०६. **चौबीस ठाणा पिठीका तथा बंध व्युच्छति प्रकरण—सि० च० नेमिचन्द्र** । देशी कागज । पत्र संख्या–७३ । आकार–११$\frac{3}{4}$"×४$\frac{1}{4}$" । दशा–जीर्ण । पूर्ण । भाषा–प्राकृत व संस्कृत । लिपि–नागरी । विषय–सिद्धान्त । ग्रन्थ संख्या–२२४२ । रनचाकाल–× । लिपिकाल–× ।

१०७. **चौबीस ठाणा सार्थ—सि० च० नेमिचन्द्र** । देशी कागज । पत्र संख्या–३० । आकार–१०$\frac{1}{4}$"×५" । दशा–जीर्ण । पूर्ण । भाषा–संस्कृत । लिपि–नागरी । विषय–सिद्धान्त । ग्रन्थ सख्या–२४५९ । रचनाकाल–× । लिपिकाल–× ।

१०८. **चौबीस दण्डक—गजसार** । देशी कागज । पत्र संख्या–७ । आकार–१०$\frac{3}{4}$"×४$\frac{1}{2}$" । दशा–अतिजीर्ण । पूर्ण । भाषा–प्राकृत । लिपि–नागरी । विषय–सिद्धान्त । ग्रन्थ संख्या–२७२० । रचनाकाल–× । लिपिकाल–× ।

नोट—श्वेताम्बर आम्नायानुसार वर्णन किया गया है।

१०९. **चौबीस दण्डक सार्थ—गजसार।** देशी कागज। पत्र संख्या–९। आकार—१०" × ४ ३/४"। दशा–अच्छी। पूर्ण। भाषा–प्राकृत, हिन्दी तथा गुजराती। लिपि–नागरी। विषय–सिद्धान्त। ग्रन्थ संख्या–२५६५। रचनाकाल–×। लिपिकाल–×।

११०. **चौबीस दण्डक गति विवरण—**×। देशी कागज। पत्र संख्या–१। आकार–१० १/२" × ४ १/२"। दशा–जीर्ण। पूर्ण। भाषा–हिन्दी। लिपि–नागरी। विषय–अध्यात्म। ग्रन्थ संख्या–१६३८। रचनाकाल–×। लिपिकाल–×।

१११. **जन्मान्तर गाथा–**×। देशी कागज। पत्र संख्या–३। आकार–१० १/२" × ४ १/२"। दशा–प्राचीन। पूर्ण। भाषा–प्राकृत। लिपि–नागरी। विषय–अध्यात्म। ग्रन्थ संख्या–१४२४। रचनाकाल–×। लिपिकाल–×।

११२. **जीव तत्व प्रदीप–केशवाचार्य।** देशी कागज। पत्र संख्या–११३। आकार–१०" × ७"। दशा–अच्छी। पूर्ण। भाषा–प्राकृत एवं संस्कृत। लिपि–नागरी। विषय–सिद्धान्त। ग्रन्थ संख्या–२४१४। रचनाकाल–×। लिपिकाल–×।

११३. **जीव प्ररूपण—गुण रयण भूषण।** देशी कागज। पत्र संख्या–२८। आकार—१० १/२" × ४ ३/४"। दशा–जीर्ण। पूर्ण। भाषा–प्राकृत। लिपि–नागरी। विषय–सिद्धान्त। ग्रन्थ संख्या–३७७/अ। रचनाकाल–×। लिपिकाल–चैत्र सुदी २, स० १५११।

११४. **जीव विचार प्रकरण—**×। देशी कागज। पत्र संख्या–८। आकार १० १/४" × ४ १/४"। दशा–जीर्ण। पूर्ण। भाषा–प्राकृत और संस्कृत। लिपि–नागरी। विषय–सिद्धान्त ग्रन्थ संख्या–१९८२। रचनाकाल—×। लिपिकाल–ज्येष्ठ शुक्ला १, सं० १७०५।

११५. **प्रति संख्या २।** पत्र संख्या–१२ आकार–८ ३/४" × ४ १/४"। दशा–अच्छी। पूर्ण। ग्रन्थ संख्या–२८०९। रचनाकाल–×। लिपिकाल–फाल्गुन कृष्णा १२, सं० १८४५।

११६. **जीव विचार सूत्र सटीक—शान्ति सूरि।** देशी कागज। पत्र संख्या–३१। आकार–१०" × ४ १/४"। दशा–जीर्ण। पूर्ण। भाषा–प्राकृत और संस्कृत। लिपि–नागरी। विषय—सिद्धान्त। ग्रन्थ संख्या–१३०८। रचनाकाल–×। लिपिकाल–×।

११७. **प्रति संख्या २।** पत्र संख्या–५। आकार–१०" × ४ १/४"। दशा–जीर्ण। पूर्ण। ग्रन्थ संख्या–२७११। रचनाकाल–×। लिपिकाल–×।

११८. **प्रति संख्या ३।** पत्र संख्या–६। आकार–१० १/२" × ४ १/२"। दशा–जीर्ण। पूर्ण। ग्रन्थ संख्या–२७१७। रचनाकाल–×। लिपिकाल–पोष कृष्णा १३, सं० १७९७।

विशेष–अन्तिम पत्र पर २२ अभक्ष पदार्थों के नाम दिये हुए हैं।

११९. **जैन शतक—भूधरदास खण्डेलवाल।** देशी कागज। पत्र संख्या–१३। आकार–११" × ५ १/२"। दशा–अच्छी। पूर्ण। भाषा–हिन्दी। लिपि–नागरी। विषय–सिद्धान्त। ग्रन्थ संख्या–२३०८। रचनाकाल–पोष कृष्णा १३, सं० १७८१। लिपिकाल–चैत्र शुक्ला १, बुधवार सं० १९४८।

१२०. द्वादसी मुनि गाथा—मुनि द्वादसी । देशी कागज । पत्र संख्या—६ । आ १०½"×४½" । दशा—अच्छी । पूर्ण । भाषा—प्राकृत और संस्कृत । लिपि—नागरी । विषय—सि ग्रन्थ संख्या—२५६५ । रचनाकाल—× । लिपिकाल—चैत्र शुक्ला २, सं० १७८८ ।

१२१. तर्क परिभाषा—केशव मिश्र । देशी कागज । पत्र संख्या—१८ । आ ११½"×५" । दशा—प्राचीन । पूर्ण । भाषा—संस्कृत । लिपि—नागरी । विषय—तर्क शास्त्र संख्या—१६७६ । रचनाकाल—× । लिपिकाल—अश्विन शुक्ला ४, सं० १६८६ ।

१२२. तत्व धर्मामृत—चन्द्रकीर्ति । देशी कागज । पत्र संख्या—३३ । आ ११½"×५½" । दशा—सामान्य । पूर्ण । भाषा—संस्कृत । लिपि—नागरी । विषय—आगम संख्या—३८२/अ । रचनाकाल—× । लिपिकाल—× ।

१२३. प्रति संख्या २ । पत्र संख्या—३३ । आकार—१०¾"×४½" । दशा—जीर्ण ग्रन्थ संख्या—१०६८ । रचनाकाल—× । लिपिकाल—भाद्रपद बुदी ६, सं० १५६७ ।

१२४. प्रति संख्या ३ । पत्र संख्या—३२ । आकार—१२"×५" । दशा—जीर्ण । ग्रन्थ संख्या—१०३२ । रचनाकाल—× । लिपिकाल—अश्विन शुक्ला ५, सं० १५६७ ।

टिप्पणी—आमेर शास्त्र भण्डार की ग्रन्थ सूची में इसके कर्ता का नाम चन उल्लिखित है। प्रारम्भ का एक श्लोक दोनों ग्रन्थों का एक ही है किन्तु श्लोक भिन्न-भिन्न हैं । आमेर के ग्रन्थ में श्लोक संख्या ४ जबकि यहां इस ग्रन्थ में ५०० श्लोक हैं । यहाँ इस ग्रन्थ के रचयि नाम ग्रन्थ में मुझे दृष्टिगत नहीं हुआ । अतः मैंने इसे उसकी रच मानी है ।

१२५. तत्वबोध प्रकरण—× । देशी कागज । पत्र संख्या—२१ । आकार—१२"× दशा—सामान्य । पूर्ण । भाषा—संस्कृत । लिपि—नागरी । विषय—सिद्धान्त । ग्रन्थ संख्या—१७ रचनाकाल—× । लिपिकाल—× ।

१२६. तत्व सार—देवसेन । देशी कागज । पत्र संख्या—६ । आकार—१०½"× दशा—जीर्ण । पूर्ण । भाषा—प्राकृत । लिपि—नागरी । विषय—सिद्धान्त । ग्रन्थ संख्या—१५ रचनाकाल—× । लिपिकाल—× ।

१२७. तत्वत्रय प्रकाशिनी—ब्रह्म श्रुतसागर । देशी कागज । पत्र संख्या—७ । आ १०¾"×४½" । दशा—अच्छी । पूर्ण । भाषा—संस्कृत । लिपि—नागरी । विषय—सिद्धान्त । संख्या—२४४२ । रचनाकाल—× । लिपिकाल—× ।

नोट—टीका का नाम तत्व त्रय प्रकाशिनी है ।

१२८. तत्वज्ञान तरंगिणी—भ० ज्ञानभूषण । देशी कागज । पत्र संख्या—१ आकार—१०½"×४¾" । दशा—अच्छी । पूर्ण । भाषा—संस्कृत । लिपि—नागरी । विषय—सिद्ध ग्रन्थ संख्या—२८५६ । रचनाकाल—× । लिपिकाल—× ।

१२९. तत्वज्ञान तरंगिणी सटीक—भ० ज्ञानभूषण । टीकाकार—× । देशी का

पत्र संख्या-८६ । आकार-११" × ७$\frac{1}{2}$" । दशा-अच्छी । पूर्ण । भाषा-संस्कृत और हिन्दी । लिपि-नागरी । विषय-सिद्धान्त । ग्रन्थ संख्या-२२६७ । रचनाकाल-सं० १५६० । लिपिकाल-फाल्गुन शुक्ला ६, सं० १६८६ ।

१३०. **तत्वार्थ रत्न प्रभाकर—प्रभाचन्द्र देव** । देशी कागज । पत्र संख्या-२ से ७४ । आकार-११$\frac{1}{2}$" × ५" । दशा-अच्छी । पूर्ण । भाषा-संस्कृत । लिपि-नागरी । विषय-सिद्धान्त । ग्रन्थ संख्या-२८५४ । रचनाकाल-× । लिपिकाल-× ।

नोट—प्रथम पत्र नहीं है ।

१३१. **प्रति संख्या २** । पत्र संख्या-८२ । आकार-१२" × ५" । दशा-जीर्ण क्षीण । पूर्ण । भाषा-संस्कृत । लिपि-नागरी । विषय-सिद्धान्त । ग्रन्थ संख्या-२३५२ । रचनाकाल-भाद्रपद शुक्ला ५, सं० १४८६ । लिपिकाल-श्रावण शुक्ला १३, शुक्रवार, सं० १५५० ।

१३२. **प्रति संख्या ३** । देशी कागज । पत्र संख्या-१६६ । आकार × ११$\frac{3}{4}$" × ३$\frac{3}{4}$" । दशा-प्राचीन । पूर्ण । ग्रन्थ संख्या-१२६२ । रचनाकाल-× । लिपिकाल-× ।

१३३. **तत्वार्थ सूत्र—उमा स्वामी** । देशी कागज । पत्र संख्या-८ । आकार—१०$\frac{3}{4}$ × ५$\frac{1}{4}$" । दशा-जीर्ण । पूर्ण । भाषा-संस्कृत । लिपि-नागरी । ग्रन्थ संख्या-१७६२ । रचना काल-× । लिपिकाल-× ।

१३४. **प्रति संख्या २** । पत्र संख्या-२२ । आकार-११$\frac{3}{4}$" × ५$\frac{3}{4}$" । दशा-जीर्ण क्षीण । पूर्ण । ग्रन्थ संख्या—२५२० । रचनाकाल—× । लिपिकाल—ज्येष्ठ शुक्ला २, रविवार, सं० १६२० ।

१३५. **तत्वार्थ सूत्र सटीक—उमास्वामि । टीकाकार—श्रुतसागर** । देशी कागज । पत्र संख्या-३० । आकार-१०" × ४$\frac{1}{2}$" । दशा-अच्छी । अपूर्ण । भाषा-संस्कृत । लिपि-नागरी । विषय-सिद्धान्त । ग्रन्थ संख्या-२०८२ । रचनाकाल-× । लिपिकाल-× ।

१३६. **तत्वार्थ सूत्र सार्थ**-× । देशी कागज । पत्र संख्या-२७ । आकार-१०$\frac{1}{2}$" × ४$\frac{3}{4}$" । दशा-जीर्ण । पूर्ण । भाषा-संस्कृत व हिन्दी । लिपि-नागरी । विषय-सिद्धान्त । ग्रन्थ संख्या—१३४६ । रचनाकाल-× । लिपिकाल-× ।

१३७. **तत्वार्थ सूत्र सटीक—सदासुख** । देशी कागज । पत्र संख्या-८६ । आकार—१२$\frac{1}{4}$" × ५$\frac{1}{2}$" । दशा-सामान्य । पूर्ण । भाषा-संस्कृत और हिन्दी । लिपि-नागरी । ग्रन्थ संख्या-१८६४ । रचनाकाल-फाल्गुन कृष्णा १०, सं० १६१० । लिपिकाल-ज्येष्ठ कृष्णा ३, सं० १६६३ ।

१३८. **तत्वार्थ सूत्र भाषा-कनककीर्ति** । देशीकागज । पत्र संख्या-४६ । आकार—११$\frac{1}{2}$" × ५" । दशा-सामान्य । पूर्ण । भाषा-संस्कृत और हिन्दी । लिपि-नागरी । ग्रन्थ संख्या-१३५० । रचनाकाल-× । लिपिकाल-फाल्गुन शुक्ला ६, सं० १८७२ ।

१३९. **तत्वार्थ सूत्र वचनिका—पं० जयचंद** । देशी कागज । पत्र संख्या-४७६ । आकार-१०$\frac{3}{4}$" × ५$\frac{1}{4}$" । दशा-सामान्य । पूर्ण । भाषा-संस्कृत एवं हिन्दी । लिपि-नागरी ।

विषय–सिद्धान्त । ग्रन्थ संख्या–१८०१ । रचनाकाल–चैत्र शुक्ला ५, सं० १८३६ । लिपिकाल—ज्येष्ठ शुक्ला ५, सं० १६०४ ।

विशेष—अन्त में वचनिकाकार ने स्वयं का तथा अन्य अनेक पण्डितों का परिचय दिया है।

१४०. तेरह पंथ खण्डन—पं० पन्नालाल । देशी कागज । पत्र संख्या–१२ । आकार—१२¼″×५½″ । दशा–जीर्ण क्षीण । पूर्ण । भाषा–हिन्दी । लिपि–नागरी । विषय–चर्चा । ग्रन्थ संख्या–२२७३ । रचनाकाल–× । लिपिकाल–× ।

विशेष - दिगम्बर सम्प्रदाय के तेरह पंथ के सिद्धान्तों का खण्डन किया गया है।

१४१. दण्डक चौपई–पं० दौलतराम । देशी कागज । पत्र संख्या–२ । आकार–१०¾″×५¼″ । दशा–प्राचीन । पूर्ण । भाषा–हिन्दी । लिपि–नागरी । विषय–सिद्धान्त । ग्रन्थ संख्या—१६६३ । रचनाकाल–× । लिपिकाल–× ।

१४२. दण्डक सूत्र– गजसार मुनि । देशी कागज । पत्र संख्या–५ । आकार–१०½″×४½″ । दशा–प्राचीन । पूर्ण । भाषा–प्राकृत और हिन्दी । लिपि–नागरी । विषय–सिद्धान्त । ग्रन्थ संख्या–१७३२ । रचनाकाल–× । लिपिकाल–पौष शुक्ला १०, सं० १७५४ ।

१४३. दश अछेरा—× । देशी कागज । पत्र संख्या—८ । आकार—१०″×४½″ । दशा–प्राचीन । पूर्ण । भाषा–अपभ्रंश और हिन्दी । लिपि–नागरी । विषय–सिद्धान्त । ग्रन्थ संख्या–२२५७ । रचनाकाल–× । लिपिकाल–मगसिर शुक्ला ५, सं० १७६६ ।

१४४. दर्शनसार सटीक देवसेनाचार्य । टीका–शिवजीलाल । देशी कागज । पत्र संख्या–१२० । आकार–१२½″×५½″ । दशा–सामान्य । पूर्ण । भाषा–प्राकृत और संस्कृत । लिपि–नागरी । विषय–सिद्धान्त । ग्रन्थ संख्या–१५६६ । टीकाकाल–माघ शुक्ला १०, सं० १६२३ । लिपिकाल–× ।

१४५. प्रति संख्या २ । पत्र संख्या–६५ । आकार–११½″×७¾″ । दशा–अच्छी । पूर्ण । ग्रन्थ संख्या–२३६६ । रचनाकाल–माघ शुक्ला १०, सं० ६६० । लिपिकाल–अश्विन शुक्ला ८, शनिवार, सं० १६२८ ।

विशेष—वि० सं० ६६० माघ शुक्ला १०, को मूल रचना धारा नगरी के श्री पार्श्वनाथ चैत्यालय में की गई। और हिन्दी टीका १६२३ माघ शुक्ला १० को हुई है

१४६. दर्शन सार—भ० देवसन । देशी कागज । पत्र संख्या–२ । आकार–११½″×५″ । दशा–जीर्ण क्षीण । पूर्ण । भाषा–प्राकृत । लिपि–नागरी । विषय–सिद्धान्त । ग्रन्थ संख्या–२६५४ । रचनाकाल–× । लिपिकाल–× ।

१४७. द्रव्य संग्रह—सि० च० नेमिचन्द्र । देशी कागज । पत्र संख्या–६ । आकार—६¼″×४″ । दशा–प्राचीन । पूर्ण । भाषा–प्राकृत । लिपि–नागरी । विषय–सिद्धान्त । ग्रन्थ संख्या–२४१६ । रचनाकाल–× । लिपिकाल–फाल्गुन कृष्णा ८, सं० १६६६ ।

१४८. प्रति संख्या २ । पत्र संख्या–१६ । आकार–६½″×५½″ । दशा–जीर्णक्षीण । पूर्ण । ग्रन्थ संख्या–२६१८ । रचनाकाल–× । लिपिकाल–× ।

१४९. प्रति संख्या ३ । पत्र संख्या–४ । आकार–$10\frac{1}{2}'' \times 4\frac{1}{2}''$ । दशा–जीर्ण क्षीण । पूर्ण । ग्रन्थ संख्या–२५८२ । रचनाकाल–× । लिपिकाल–× ।

१५०. प्रति संख्या ४ । पत्र संख्या–६ । आकार–$11'' \times 4\frac{3}{4}''$ । दशा–अतिजीर्ण । पूर्ण । ग्रन्थ संख्या–१३२९ । रचनाकाल–× । लिपिकाल–× ।

१५१. द्रव्य संग्रह सटीक—प्रभाचन्द्राचार्य । देशी कागज । पत्र संख्या–३२ । आकार–$9\frac{3}{4}'' \times 3\frac{3}{4}''$ । दशा–प्राचीन । पूर्ण । भाषा–प्राकृत और संस्कृत । लिपि–नागरी । विषय–सिद्धान्त । ग्रन्थ संख्या–११०६ । रचनाकाल–× । लिपिकाल–× ।

आदिभाग—

नत्वा जिनाकर्मपहस्तितसर्वदोषं,
लोकत्रयाधिपति संस्तुत पादपद्मम् ।
ज्ञान प्रभा प्रकटिताखिलवस्तुसार्थं,
षड्द्रव्यनिर्णयमहं प्रकटं प्रवक्ष्ये ॥१॥

अन्तभाग—

इति श्री परमागमिक भट्टारक–श्री नेमिचन्द्रविरचित–षड्द्रव्यसंग्रहे श्रीप्रभाचन्द्रदेवकृत संक्षेप टिप्पणकं समाप्तम् ॥

१५२. द्रव्य संग्रह सटीक—पर्वत धर्मार्थी । देशी कागज । पत्र संख्या–५४ । आकार–$10\frac{1}{2}'' \times 5''$ । दशा–सामान्य । पूर्ण । भाषा–प्राकृत और संस्कृत । लिपि–नागरी । विषय–सिद्धान्त । ग्रन्थ संख्या–१३५४ । रचनाकाल–× । लिपिकाल–आषाढ़ कृष्णा १४, बृहस्पतिवार, सं० १८२८ ।

१५३. द्रव्य संग्रह सटीक—ब्रह्मदेव । देशी कागज । पत्र संख्या–६८ । आकार–$11\frac{1}{2}'' \times 4\frac{1}{2}''$ । दशा–जीर्ण क्षीण । पूर्ण । भाषा–प्राकृत और संस्कृत । लिपि–नागरी । विषय–सिद्धान्त । ग्रन्थ संख्या–२४१२ । रचनाकाल–× । लिपिकाल–कार्तिक शुक्ला १०, रविवार, सं० १४९९ ।

१५४. प्रति संख्या २ । पत्र संख्या–७२ । आकार $12\frac{1}{2}'' \times 5\frac{1}{4}''$ । दशा–जीर्ण । पूर्ण । ग्रन्थ संख्या–२६८१ । रचनाकाल–× । लिपिकाल–कार्तिक शुक्ला ७, बृहस्पतिवार, सं० १५२९ ।

१५५. द्रव्य संग्रह सार्थ–× । देशी कागज । पत्र संख्या–८ । आकार–$9'' \times 4\frac{1}{2}''$ । दशा–प्राचीन । पूर्ण । भाषा–प्राकृत और संस्कृत । लिपि–नागरी । विषय–सिद्धान्त । ग्रन्थ संख्या–२५७६ । रचनाकाल–× । लिपिकाल–× ।

१५६. प्रति संख्या २ । पत्र संख्या–७ । आकार–$12\frac{1}{2}'' \times 5\frac{3}{4}''$ । दशा–अच्छी । पूर्ण । ग्रन्थ संख्या–२३८६ । रचनाकाल–× । लिपिकाल–× ।

१५७. द्रव्य संग्रह टिप्पण—प्रभाचन्द्रदेव । देशी कागज । पत्र संख्या–३२ । आकार–$11'' \times 5''$ । दशा प्राचीन । पूर्ण । भाषा–प्राकृत और संस्कृत । लिपि–नागरी । विषय–सिद्धान्त । ग्रन्थ संख्या–२७६९ । रचनाकाल–× । लिपिकाल–अश्विन कृष्णा १०, रविवार, सं० १६१७ ।

१५८. दोहा पाहुड़—कुन्दकुन्दाचार्य । देशी कागज । पत्र संख्या–१९ । आकार—

१०″×४½″। दशा–अतिजीर्ण। पूर्ण। भाषा–प्राकृत। लिपि–नागरी। विषय–सिद्धान्त। ग्रन्थ संख्या–२२६१। रचनाकाल–×। लिपिकाल–अश्विन शुक्ला १०, सं० १५६२।

१५९. प्रति संख्या २। पत्र संख्या–१९। आकार–१०½″×४½″। ग्रन्थ संख्या–१४४९। रचनाकाल–×। लिपिकाल–मंगसिर शुक्ला ५, सं० १५५८।

१६०. द्वादश भावना— श्रुत सागर। देशी कागज। पत्र संख्या–३। आकार–१०½″×४½″। दशा–जीर्ण। पूर्ण। भाषा–संस्कृत। लिपि–नागरी। विषय–अध्यात्म। ग्रन्थ संख्या–१६३५। रचनाकाल–×। लिपिकाल–×।

१६१. धर्म परीक्षा–हरिषेण। देशीकागज। पत्र संख्या–७३। आकार–१०¾″×४¾″। दशा–अतिजीर्ण। पूर्ण। भाषा–अपभ्रंश। लिपि–नागरी। विषय–अध्यात्म। ग्रन्थ संख्या–१७७४। रचनाकाल–×। लिपिकाल–चैत्र कृष्णा १२, रविवार, सं० १५६५।

१६२. प्रति संख्या २। पत्र संख्या–१३३। आकार–९½″×४¾″। दशा–जीर्णक्षीण। पूर्ण। ग्रन्थ संख्या–२७९६। रचनाकाल–×। लिपिकाल–कार्तिक कृष्णा १३, शुक्रवार, सं० १६०६।

